राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 335
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 लोक आस्था और सूर्य उपासना का पर्व छठ से भक्तिमय हुआ माहौल
पेज 4 संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी
पेज 6 अर्जुन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी में गोवा की ओर से तीन विकेट

## राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से 'एसआईआर'

### 7 फरवरी तक पूरा होगा; अगले साल चुनाव वाले बंगाल में 'एसआईआर', लेकिन असम में नहीं

नई दिल्ली। बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी स्क्रकल यानी 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा।

103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी।

खास बात ये है कि अगले साल चुनाव वाले बंगाल में 'एसआईआर' होगा, लेकिन असम में नहीं होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग है, इसलिए वहां यह प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी।



#### 'एसआईआर' क्या है

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है।

इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है।

जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। BLO घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

#### पहले किस राज्य में हुआ?

पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं। ये वोटर्स 6 और 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे।

#### कौन करेगा

'एसआईआर' वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं। इस काम में 5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे।

#### 'एसआईआर' कब होगा, इसमें वोटर को क्या करना होगा

'एसआईआर' के दौरान BLO/BLA वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा। अगर नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो जुड़वाने के लिए फॉर्म भरना होगा और संबंधित डॉक्यूमेंट्स देने होंगे।

#### 'एसआईआर' के लिए कौन से दस्तावेज मान्य

पेंशनर पहचान पत्र
किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र
जन्म प्रमाणपत्र
पासपोर्ट
10वीं की मार्कशीट
स्थायी निवास प्रमाणपत्र
वन अधिकार प्रमाणपत्र
जाति प्रमाणपत्र
राष्ट्रीय रजिस्टर में नाम
परिवार रजिस्टर में नाम
जमीन या मकान आवंटन पत्र
आधार कार्ड

**12 राज्यों की लिस्ट जहां 'एसआईआर' होगा**

| | |
|---|---|
| अंडमान निकोबार | मध्य प्रदेश |
| छत्तीसगढ़ | पुडुचेरी |
| गोवा | राजस्थान |
| गुजरात | तमिलनाडु |
| केरल | उत्तर प्रदेश |
| लक्षद्वीप | पश्चिम बंगाल |

#### 'एसआईआर' मकसद क्या है

1951 से लेकर 2004 तक का 'एसआईआर' हो गया है, लेकिन पिछले 21 साल से बाकी है।

इस लंबे दौर में मतदाता सूची में कई परिवर्तन जरूरी हैं। जैसे लोगों का माइग्रेशन, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होना। डेथ के बाद भी नाम रहना।

विदेशी नागरिकों का नाम सूची में आना। कोई भी योग्य वोटर लिस्ट में न छूटे और कोई भी अयोग्य मतदाता सूची में शामिल न हो।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई में 13.44 करोड़ की एमडी ड्रग फैक्ट्री पकड़ी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने नालासोपारा के पेल्हार इलाके में चल रही एक अवैध मेफेड्रोन ड्रग निर्माण फैक्ट्री पर छापा मारकर लगभग 13.44 करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। यह फैक्ट्री पेल्हार पुलिस स्टेशन से महज 300 मीटर की दूरी पर संचालित हो रही थी। जांच के दौरान सामने आया कि सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र बोडप्पा वानकोटी और उनकी टीम इलाके में गश्त और निगरानी में लापरवाही की। गंभीर लापरवाही को देखते हुए गृह विभाग ने इंस्पेक्टर वानकोटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

### न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु में बढ़ोत्तरी से इनकार

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 नहीं किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 61 वर्ष करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। इसके बावजूद हाई कोर्ट के प्रशासनिक स्तर पर इसके लिए इन्कार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक आदमी हवाई जहाज से उतरा, तो दरवाजे पर खड़ी एयर होस्टेस बोली- उम्मीद है फ्लाइट में आपको घर जैसा माहौल मिला होगा आदमी बोला- जी बिल्कुल नहीं, घर में तो मेरी कोई सुनता ही नहीं लेकिन यहां तो एक बटन दबाते ही चार-चार आ जाती हैं.....



### शायरी

दिलों में हुब्ब-ए-वतन है अगर
तो एक रहो
निखारना ये चमन है अगर तो
एक रहो

### अर्थसार

सेंसेक्स:
84,778.84
+566.96 (0.67%)
निफ्टी:
25,966.05
+170.90



### मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 17 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 6 : 34
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 46

## देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत

### सीजेआई बीआर गवई ने नाम की सिफारिश की; 14 महीने का होगा कार्यकाल

**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की।

इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है।

उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं।



#### सीजेआई बनने वाले हरियाणा के पहले शख्स होंगे जस्टिस सूर्यकांत

जस्टिस सूर्यकांत इंडियन ज्यूडीशियरी की टॉप पोस्ट पर पहुंचने वाले हरियाणा से पहले शख्स होंगे। उनके नाम की सिफारिश करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट की कमान संभालने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं।

## डिजिटल अरेस्ट नागरिकों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि तकनीक ने पुलिसिंग के क्षेत्र में काफी बदलाव ला दिया है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट नागरिकों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बन गई है।

राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए मुर्मु ने कहा कि लोगों, खासकर वंचितों को पुलिस को एक भयावह संस्था के रूप में नहीं, बल्कि सहारे के रूप में देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और हमें अपनी वृद्धि को बनाए रखने और तेज करने के लिए बड़े पैमाने पर सार्वजनिक और निजी निवेश की आवश्यकता है।

किसी भी राज्य या क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कानून-व्यवस्था एक जरूरी शर्त है।

**छठ पर्व**



पटना में छठ पूजा के अवसर पर जेपी गंगा पथ पर जाम में फंसे वाहन।

## ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका समेत दुनियाभर में छठ पूजा

**दिल्ली में 1300, मुंबई में 83 घाटों पर पूजा**

नई दिल्ली। दुनियाभर में छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो चुका है। छठ महापर्व के तीसरे दिन यानी सोमवार शाम को दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई शहरों में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।



वहीं, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने छठ पर सूर्य को अर्घ्य दिया। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद-टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया है। दिल्ली-मुंबई में घाटों में को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। राजधानी दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं।

## लिव-इन पार्टनर ने की थी यूपीएससी एस्पिरेंट की हत्या

### अश्लील वीडियो डिलीट नहीं करने पर गला घोंटकर मारा, फिर तेल-घी, शराब डालकर जलाया

नई दिल्ली। दिल्ली के गांधी विहार इलाके में 6 अक्टूबर को एक फ्लैट में जली लाश मिलने की गुत्थी सुलझ गई है। मारा गया युवक रामकेश मीणा यूपीएससी एस्पिरेंट था, जिसे उसकी लिव-इन पार्टनर अमृता चौहान ने अपने एक्स बॉयफ्रेंड सुमित और उसके दोस्त संदीप के साथ मिलकर मारा था। पहले उसका गला दबाया, फिर बॉडी पर तेल-घी और शराब डालकर उसे जला दिया। रामकेश की लिव-इन पार्टनर फोरेंसिक साइंस छात्रा अमृता चौहान 21 साल की है। उसे और उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस ने बताया कि अमृता और रामकेश मई 2025 से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। अमृता का दावा है कि रामकेश के पास उसके अश्लील वीडियो थे। बार-बार कहने पर भी रामकेश ने वीडियो डिलीट नहीं किए थे। इस बात से अमृता परेशान थी। उसने यह बात अपने एक्स-बॉयफ्रेंड सुमित को बताई। दोनों ने रामकेश को मारने का फैसला लिया। सुमित एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर भी है। उसने गैस सिलेंडर में आग लगाई, जिससे विस्फोट हुआ।

सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि दो नकाबपोश 5-6 अक्टूबर की रात बिल्डिंग में घुस रहे थे। करीब 39 मिनट बाद एक युवक बाहर निकला, 02: 57 बजे एक युवती दूसरे युवक के साथ बाहर जाती दिखाई दी।

## चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश के तट से टकराएगा

### एमपी-छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत 9 राज्यों में 3 दिन बारिश की संभावना; ओडिशा-आंध्र में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली/ अमरावती।** चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचना शुरू हो गया है। ये विशाखापट्टनम की तरफ 18 किमीकी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसके मंगलवार सुबह तक भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जैसे-जैसे यह काकीनाडा-मछलीपट्टनम तट के करीब पहुंचेगा और तेज होता जाएगा। प्रदेश के तटीय जिलों में बारिश और 90 से 110 किमी की रफ्तार से आंधी चल रही है।



मौसम विभाग के मुताबिक, तूफान के प्रभाव से देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों के नौ राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड में अगले तीन दिनों तक बारिश हो सकती है।

तूफान के प्रभाव से सोमवार को छग, झारखंड में भारी बारिश हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र के कई जिले भी भीगे। तूफान मोंथा नाम थाइलैंड ने दिया है। थाई भाषा में अर्थ है सुगंधित फूल।

#### केरल में 2 लोगों की मौत हुई

सोमवार को केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, ओडिशा सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

## इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे 6 नए रिफ्यूलिंग विमान

▸ फाइटर जेट्स में हवा में ही फ्यूल भरा जा सकेगा; इजराइल से 8 हजार करोड़ की डील संभव

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स में 6 नए मिड-एयर रीफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजराइल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। कंपनी इजराइल सरकार के स्वामित्व वाली इजराइल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है।

इस डील के लिए रूस और यूरोप की कुछ कंपनियां भी दौड़ में थीं, लेकिन वे तकनीकी शर्तें और मेक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 प्रतिशत मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। आईएआई की डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमर्शियल विमानों में बदलाव कर उन्हें टैंकर विमानों में बदला जाएगा। कंपनी ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 प्रतिशत मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है।



**स्टूडेंट सुसाइड कंट्रोल**

### केंद्र सरकार से 8 हफ्तों में जवाब मांगा; नियम बनाने को भी कहा

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- स्टूडेंट सुसाइड कंट्रोल पर क्या किया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे आठ हफ्तों में अदालत को बताएं कि छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और आत्महत्या की घटनाओं से निपटने के लिए बनाए गए दिशा-निर्देशों को कैसे लागू किया गया है।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार को 8 हफ्तों में हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। इसमें इन दिशानिर्देशों के पालन के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट में यह सुनवाई 25 जुलाई को दिए गए उस फैसले से जुड़ी थी, जिसमें न्यायालय ने कहा था कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दो महीने के भीतर निजी कोचिंग सेंटर्स के लिए पंजीकरण, छात्रों की सुरक्षा और शिकायत निवारण के नियम बनाएं।

सोमवार की सुनवाई में अदालत ने कहा कि अब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया जाए और वे अपनी रिपोर्ट आठ हफ्ते में जमा करें। अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए पूरे भारत के लिए 15 दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कहा था कि देश में इस विषय पर अभी एक समान कानूनी या नियामक ढांचा नहीं है, जिसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए।

इन दिशा-निर्देशों के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी एक समान नीति अपनाने और लागू करने के लिए कहा गया है। यह नीति 'उम्मीद' ड्राफ्ट गाइडलाइंस, 'मनोदर्पण' पहल और राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति से प्रेरित होनी चाहिए। इसे हर साल अपडेट करके संस्थान की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा।

केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया था कि 2023 में शिक्षा मंत्रालय ने 'उम्मीद' दिशा-निर्देश जारी किए थे जिनका उद्देश्य छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को समझना, प्रेरित करना और सशक्त बनाना है। इसके अलावा, कोविड-19 के दौरान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य सुधार के लिए 'मनोदर्पण' कार्यक्रम भी शुरू किया गया था।



# संपादकीय

## 'राष्ट्रवाद बनाम मानवता — जब देशभक्ति अंधभक्ति बन जाए'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### जब राष्ट्र का नाम कवच बन गया

हर युग में सत्ता ने अपने अपराधों को छिपाने के लिए किसी न किसी 'पवित्र शब्द' का सहारा लिया है—
कभी धर्म, कभी जाति, और अब 'राष्ट्रवाद'।
1775 में सैमुअल जॉनसन ने कहा था —
"Patriotism is the last refuge of the scoundrel."
'देशभक्ति दुष्टों की अंतिम शरणस्थली है।'
आज यह वाक्य पहले से कहीं अधिक सच प्रतीत होता है।
जब कोई सत्ता या संगठन अपने भ्रष्टाचार, हिंसा या अन्याय को ढकना चाहता है, तो वह सबसे पहले 'राष्ट्रवाद' का झंडा उठा लेता है।
विरोध करने वाला 'देशद्रोही' कहलाता है और झुक जाने वाला 'सच्चा देशभक्त'।

### सच्चा राष्ट्रवाद बनाम अंधा राष्ट्रवाद

**महात्मा गांधी ने कहा था —**
'देशभक्ति का अर्थ यह नहीं कि हम अपने देश के दोषों को छिपाएँ;
सच्चा देशभक्त वही है जो अपने देश की बुराइयों को सुधारने का साहस रखता है।'
पर आज की राजनीति ने देशभक्ति को प्रश्न न पूछने की शर्त बना दिया है।
जो सवाल करे, वह 'राष्ट्रविरोधी' ठहराया जाता है।
यह वही अंधा राष्ट्रवाद है, जो विचार की जगह नारे को, और विवेक की जगह आस्था को बैठा देता है।
इससे लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार — असहमति — समाप्त हो जाता है।
डॉ. आंबेडकर की चेतावनी — 'राष्ट्र' से ऊपर है 'न्याय'
**डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था —**
'अगर राष्ट्र के नाम पर अन्याय स्वीकार किया जाता है,
तो वह राष्ट्रवाद नहीं, पाखंड है।'
आज जब दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय को
'राष्ट्रहित' के नाम पर सही ठहराया जाता है,
तो समझिए कि राष्ट्रवाद सत्ता की ढाल बन चुका है।
ऐसा राष्ट्रवाद न राष्ट्र को बचाता है, न उसकी आत्मा को —
यह केवल सत्ताधारियों के अहंकार की रक्षा करता है।
टैगोर का मानवतावाद — 'मनुष्य पहले, राष्ट्र बाद में'

### रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक Nationalism (1917) में लिखा —

मैं ऐसे राष्ट्रवाद में विश्वास नहीं करता जो मनुष्य को बाँट दे।
राष्ट्र की पूजा करने से पहले हमें मनुष्य की पूजा करनी चाहिए।
टैगोर ने राष्ट्रवाद को युद्ध की प्रयोगशाला कहा —
जहाँ मनुष्यता को बलि चढ़ा दिया जाता है और झंडे तानाशाहों के हथियार बन जाते हैं।
उनके अनुसार, सच्चा देश वही है जो अपनी सीमाओं से पहले
अपने नागरिकों के दिलों में बसता है।

### भगत सिंह — विचारों से राष्ट्र की रक्षा

भगत सिंह ने कहा था —
'सच्चा राष्ट्रवाद वह है जो जनता को जागरूक करे,
न कि अंधभक्त बनाए।
राष्ट्र की रक्षा विचारों से होती है, नारों से नहीं।'
उनके लिए देश का मतलब केवल भूगोल नहीं था,
बल्कि जनता की चेतना, बराबरी और आज़ादी की भावना थी।
आज वही चेतना ख़तरे में है,
जब सत्ता विरोध को देशद्रोह और आज़ादी की आवाज़ को अराजकता कहने लगी है।

### ओशो — 'राष्ट्रवाद मानसिक बीमारी है'

**ओशो ने कहा था —**
'राष्ट्रवाद एक मानसिक बीमारी है।
जब तक मनुष्य मनुष्य रहेगा, सीमाएँ मिटेंगी।
जो लोग राष्ट्र के नाम पर लड़ना चाहते हैं, वे जीवन के शत्रु हैं।'
ओशो का मानना था कि जब तक मनुष्य खुद को पहले
भारतीय, पाकिस्तानी या अमेरिकी कहता रहेगा —
वह अभी इंसान नहीं बना।
क्योंकि इंसानियत की पहचान झंडों से नहीं,
दिलों से होती है।
पेरियार — 'राष्ट्रवाद सत्ता का औजार'

### पेरियार ई.वी. रामासामी ने लिखा —

'धर्म और राष्ट्रवाद दोनों ही शासक वर्गों के औजार हैं,
जिनसे वे जनता को गुलाम बनाए रखते हैं।'
उनके अनुसार, 'राष्ट्रवाद' जनता को शोषण स्वीकार करने की ट्रेनिंग देता है।
गरीब को कहा जाता है — देश के लिए सहो,
मजदूर को कहा जाता है — राष्ट्र के लिए काम करो,
और नेता कहता है — देश मेरे भरोसे छोड़ दो!
यही वह जाल है जिसमें जनमानस फँस जाता है।
आइंस्टीन और बर्ट्रेंड रसेल की चेतावनी

### आइंस्टीन ने कहा —

'राष्ट्रवाद बचपन की बीमारी है — मानव जाति का खसरा।'

### बर्ट्रेंड रसेल ने लिखा —

राष्ट्रवाद वह विष है जो मनुष्य को सोचने से रोक देता है
और उसे झुंड का हिस्सा बना देता है।
जब विचार मर जाते हैं, तब भीड़ जन्म लेती है —
और जब भीड़ चलती है, तो विवेक कुचल जाता है।
यही वह क्षण होता है जब 'देशभक्ति' अंधभक्ति बन जाती है।
मनुष्यता ही सबसे बड़ा राष्ट्र है
सच्चा राष्ट्रवाद सीमाओं में नहीं, संवेदनाओं में बसता है।
राष्ट्र की रक्षा तलवार से नहीं, सत्य से होती है।
जो सत्ता राष्ट्रवाद का ढोल पीटती है,
अक्सर वह अपने अपराधों का शोर दबाना चाहती है।
देशभक्ति का अर्थ झुकना नहीं,
सवाल पूछना है — क्योंकि सवाल लोकतंत्र की आत्मा हैं।
'झंडे बहुत हैं, मगर मनुष्य एक है।'

# नया सैन्य गठजोड़ भारत के लिये चुनौती

-ललित गर्ग-



हाल ही में पाकिस्तान समेत संयुक्त अरब अमीरात, कतर और अज़रबैजान के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ की खबरें भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। यह घटनाक्रम न केवल दक्षिण एशिया बल्कि मध्य एशिया और खाड़ी क्षेत्र के भू-राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर रहा है। पाकिस्तान लगातार अपनी रक्षा और कूटनीतिक स्थिति को मज़बूत करने की दिशा में सक्रिय हुआ है और वह ऐसे देशों से निकटता बढ़ा रहा है जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकते हैं। भारत को इस नए उभरते गठजोड़ को केवल एक सामान्य रक्षा समझौते के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक दीर्घकालिक रणनीतिक प्रयास के रूप में समझना चाहिए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को सुधारना और भारत पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाना है। भारत की विदेश नीति और सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह के गठबंधन बड़ी चुनौती के लिहाज देखे जाने चाहिए।

पिछले महीने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए ऐतिहासिक सैन्य समझौते, जिसके तहत एक देश पर हुआ हमला दूसरे देश पर भी माना जाएगा, की तर्ज पर ही इस सैन्य गठजोड़ का विचार सामने लाया गया है। हालांकि इन चार देशों के बीच अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि तुर्किये, पाकिस्तान और अजरबैजान का त्रिपक्षीय गठबंधन, जिसे थ्री ब्रदर्स के नाम से जाना जाता है, एक मजबूत सैन्य साझेदारी का रूप ले चुका इसके अतिरिक्त, इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्म कोएलिशन (आईएमसीटीसी) भी है, जिसका संस्थापक सऊदी अरब है और जिसमें चालीस से अधिक सदस्य देश शामिल हैं। इन देशों के बीच सैन्य अभ्यास, हथियार सौदे और कश्मीर जैसे मुद्दों पर इनका स्वाभाविक सामूहिक रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। इससे पाकिस्तान अपनी कुचालों का जायज ठहराने एवं अपनी रक्षा की गुहार लगाते हुए भारत पर दबाव बनाना चाहता है। नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तब ज्यादातर मुस्लिम देशों ने तटस्थ रुख अपनाया था, लेकिन तुर्किये और अजरबैजान दो ऐसे मुल्क थे, जो पूरी तरह से पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। दरअसल, तुर्किये के राष्ट्रपति तैयब अर्दोआन की इस्लामिक दुनिया के मॉडर्न खलीफा बनने की सनक का पाकिस्तान समर्थन करता है, इसी वजह से तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के रुख का खुला समर्थन किया है।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ हालिया रक्षा समझौता इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान अब अपनी सुरक्षा रणनीति को क्षेत्रीय स्तर पर फैलाने में सफल हो रहा है। यह समझौता इस सिद्धांत पर आधारित है कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो दोनों की संयुक्त प्रतिक्रिया होगी। यह बात भारत के लिए सीधे तौर पर खतरे की घंटी है क्योंकि इससे पाकिस्तान को रक्षा सहायता, प्रशिक्षण, संसाधन और राजनीतिक समर्थन प्राप्त हो सकता है। इसी तरह पाकिस्तान अज़रबैजान, यूएई और कतर जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है। इन देशों के साथ पाकिस्तान का यह बढ़ता सामरिक सहयोग उसके लिए आर्थिक और तकनीकी लाभ भी लेकर आ सकता है, जिससे भारत के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। भारत को इन परिस्थितियों में अपनी विदेश नीति को अधिक सशक्त और लचीला बनाना होगा। अब वह समय बीत चुका है जब भारत केवल पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और सीमित क्षेत्रीय चिंताओं के आधार पर नीति बनाता था। आज की दुनिया में भू-राजनीति बहुस्तरीय हो चुकी है, जहां आर्थिक संबंध, तकनीकी साझेदारी और रक्षा सहयोग एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने खाड़ी देशों से संबंधों को और सुदृढ़ करे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से ही मजबूत हैं, पर उन्हें रक्षा सहयोग के स्तर पर भी विस्तारित करने की जरूरत है। भारत यदि इन देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाता है तो पाकिस्तान को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में मदद मिल सकती है।

साथ ही भारत को यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल सैन्य ताकत पर नहीं, बल्कि कूटनीतिक चालों और मीडिया नैरेटिव के माध्यम से भी अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भारत को न केवल रक्षा मोर्चे पर बल्कि कूटनीतिक और सूचनात्मक मोर्चे पर भी सक्रिय रहना होगा। भारत की नीति प्रतिक्रियात्मक न होकर सक्रिय, दूरगामी और अग्रदर्शी होनी चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति का भी एक भरोसेमंद संरक्षक है। भारत ही दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम छेड़े हुए है। भारत के लिए यह भी जरूरी है कि वह अपने मित्र देशों के साथ सामूहिक सुरक्षा दृष्टिकोण विकसित करे। जिस तरह अमेरिका और यूरोपीय संघ सामूहिक रक्षा नीति पर चलते हैं, उसी तरह भारत को भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, एसोसिएशन ऑफ साउथइस्ट ऐशियन नेशनस् -देशों और मध्य पूर्व में सहयोगी नेटवर्क को सुदृढ़ करना चाहिए। यह केवल सैन्य दृष्टि से नहीं बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।

पाकिस्तान की नई विदेश नीति की दिशा साफ है- वह भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, चाहे वह चीन के साथ सीपेक परियोजना के माध्यम से हो या अब मध्य-पूर्व के देशों के साथ रक्षा सहयोग के जरिए। भारत को इस घेराबंदी को तोड़ने के लिए तीन दिशा में एक साथ काम करना होगा-अपनी रक्षा क्षमता को आधुनिक बनाना, विदेश नीति में सक्रियता लाना, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि को और प्रखर बनाना। यह स्थिति भारत के लिए केवल एक चुनौती नहीं बल्कि अपनी सामरिक दूरदर्शिता को सिद्ध करने का अवसर भी है। भारत यदि समय रहते अपने पड़ोस में बढ़ते इस सैन्य गठजोड़ की गंभीरता को समझ लेता है और सक्रिय कदम उठाता है, तो वह न केवल पाकिस्तान की कूटनीतिक चालों को निष्प्रभावी बना सकता है, बल्कि दक्षिण एशिया को स्थिरता और सहयोग के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

इन चार राष्ट्रों का सैन्य गठबंधन भारत के लिए एक चेतावनी है कि भू-राजनीति में देशों के बीच धार्मिक एकजुटता नए रूप में सामने आ रही है, ऐसे में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए कूटनीतिक मोर्चे पर भी सक्रिय बने रहना होगा। भारत पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान को काउंटर करने के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रहा है। इनमें इन तीनों देशों के दुश्मनों की मदद से लेकर इन्हें आर्थिक तरीके से चोट पहुंचाना भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कदमों से हर कोई परिचित है। अब बात करते हैं तुर्की की। भारत ने तुर्की को काउंटर करने के लिए उसके सबसे बड़े दुश्मन ग्रीस के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत किया है। इसके अलावा भारत ने साइप्रस के मुद्दे को भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना शुरू किया है, जिसकी जमीन पर तुर्की ने अवैध रूप पर कब्जा जमाया हुआ है। वहीं, भारत ने तुर्की को अपने बाजार में प्रवेश को लेकर भी सख्तियां बरती है।

इस सैन्य गठजोड़ के हकीकत बनने की सूरत में भारत के लिए जरूरी होगा कि वह आर्मेनिया, ग्रीस और साइप्रस के साथ अपने संबंध मजबूत करे और यूएई के साथ भी द्विपक्षीय रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाए, जो भारत का बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है और आम तौर पर इस्लामिक मुद्दों पर तटस्थ रुख रखता है।आज भारत को यह मानना होगा कि सुरक्षा अब केवल हथियारों का मामला नहीं है, यह अर्थव्यवस्था, कूटनीति, और तकनीक का समन्वित प्रश्न बन चुका है। पाकिस्तान की नई चालें एवं कुचालें हमें केवल सतर्क रहने की नहीं, बल्कि सजग, सक्रिय और रणनीतिक रूप से एक कदम आगे रहने की प्रेरणा देती हैं। भारत यदि अपनी नीति में इस नए दृष्टिकोण को शामिल करता है, तो यह गठजोड़ उसके लिए खतरा नहीं बल्कि आत्मसुधार और आत्मसशक्तिकरण का अवसर साबित हो सकता है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3693



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



### काकुरो - 3692 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो प्रेस फोटोग्राफर अपने दिन भर के अनुभवों के बारे में बात कर रहे थे. एक ने कहा- 'आज सुबह मैंने चिथड़े में लिपटी हुई एक ऐसी भूखी-प्यासी औरत को देखा जो जीवन के प्रति निराश हो चुकी थी.'
'फिर तुमने उसके लिये क्या किया?'
'कल के समाचार पत्र के लिए मैंने उसका फोटो खींच लिया है.'

□ □ □

पत्नी ने पति को सम्बोधित किया- 'अजी ! सुनते हो, घर में बेटी जवान हो गई. मगर तुम्हें इसकी बिल्कुल भी चिन्ता नहीं है.'
'इस बात की चिन्ता तुमसे अधिक मुझे है, पर ढ़ंग का कोई लड़का भी तो मिले. जो मिलता है, गधा ही मिलता है.' पति ने उत्तर दिया.
'अगर मेरे बाप भी यही सोचते रहते तो मैं भी अभी तक कुंवारी बैठी रहती.' पत्नी तुनककर बोली.

□ □ □

प्रेमिका बोली: ''प्रिय ! तुम मुझे बहुत प्यार करते हो.''
प्रेमी बोला: 'हां.'
प्रेमिका बोली: 'प्रिय, शाहजहां ने मुमताज के मरने के बाद ताजमहल बनवाया था, तुम मेरे लिए क्या बनवाओगे ?'
प्रेमी बोला: 'प्लॉट खरीद लिया है बस तुम्हारी तरफ से ही देर हो रही है.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3693



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं ?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी ?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3692



## सूडोकु -3693

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3692 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 3693



**बाएँ से दाएँ**

1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -3692 का हल



# लोक आस्था और सूर्य उपासना का पर्व छठ से भक्तिमय हुआ माहौल

## व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया संध्या अर्घ्य



**नोएडा।** लोक आस्था और सूर्य उपासना का पर्व छठ कालिंदी कुंज ओखला बैराज, नोएडा स्टेडियम समेत 40 स्थानों पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। नोएडा में छठ व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने सोमवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों पर पूजा करके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर जगह–जगह रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मंगलवार को श्रद्धालु सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न हो जाएगा।

बता दे कि सिर पर बांस की टोकरी, सुप में फल, खजूर आदि लाएं और सूर्य, छठ माता को प्रसाद चढ़ाया गया और जल में उतरकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया है। मंगलवार यानी आज की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न हो गया। चार दिन तक चलने वाले इस त्योहार में भगवान सूर्य की आराधना की जाती हैं। इसके लिए कालिंदी कुंज ओखला बैराज, नोएडा स्टेडियम मे लाखो की संख्या जुटे है छठ पूजन करने वाली लक्ष्मी कहती है कि हम लोग एक साल से सूर्य उपासना का पर्व छठ प्रतीक्षा करते है। चार दिन तक तैयार की जाती आज जल में उतरकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया है।

नहाय खाय के साथ शुरू हो कर ये पर्व सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होगा । इस पर्व में भगवान सूर्य की पूजा का काफी महत्व है। इस दौरान छठ मइया के भजनो और लोक गीतों की बयार बहती जिससे सारा वातावरण भक्तिमय नज़र आ रहा था।

इसके बाद घाट पर बनाई गई छठ मैया की वेदी पर दीया जलाए गए और मंगल गीत गाते हुए पूजा की जाती है । सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद कई लोग अपने परिवार के साथ घर लौट गए, तो कुछ लोग घाट पर ही रुक गए। वह रात घाट पर ही बिताएंगे और सूर्य देव के उगने का इंतजार करेंगे।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा जोन के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के अवसर पर बनाए गए घाटों का निरीक्षण किया गया। इस के दौरान पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा फायर टेंडर की उपलब्धता जैसी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। छठ पर्व सकुशल संपन्न कराने को लेकर नोएडा जोन के अधिकारियों ने आयोजकों के साथ बैठक की। श्रद्धालु मंगलवार यानी आज की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत समाप्त किया। इसके साथ ही पूजा अर्चना करने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न हो जाएगा।

## नोएडा में मिट्टी भराव को लेकर दो पक्षों में विवाद

नोएडा। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के मोरना गांव में प्लाट पर मिट्टी डालकर भराव कराने के विवाद में एक पक्ष के 10–12 लोगों ने दूसरे पक्ष के छह लोगों पर सोमवार को जानलेवा हमला कर दिया। पांच लोग सिर फटने व चोट लगने से घायल हो गए, जबकि एक का चाकू से हाथ फाड़ दिया। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ सेक्टर 24 थाना पुलिस से शिकायत की है। उधर, घटना के दौरान के दो–तीन वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए। मोरना गांव में एडवोकेट आशीष परिवार संग रहते हैं। उनका गांव में प्लाट भी है। वह अपने प्लाट पर मिट्टी डलवाकर भराव करा रहे हैं। आशीष सोमवार को गांव स्थित अपने कार्यालय पर नीतेश, प्रवेश, गौरव, राहुल व मोहित आदि के साथ बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के 10–12 लोग आए। सभी ने भराव कराने को लेकर अभद्रता की। इसका विरोध करने पर आरोपितों ने हमला कर दिया। आरोप है कि ईंट, चाकू, लाठी, डंडे व चाकू मारे। हमले में प्रवेश, गौरव, राहुल के सिर फट गए। आशीष के नाम और नितेश के माथे पर चोट आई। आरोपितों ने मोहित का चाकू से हाथ ही फाड़ दिया। लोगों के एकत्रित होने और पुलिस आने की भनक लगते ही आरोपित मौके से भाग गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया। आशीष ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की।

# नोएडा सुसाइड- समलैंगिक ऐप से जुड़े थे सभी युवक

**8 युवकों ने मिलकर बनाया था पार्टी का प्लान, फ्लैट में मौजूद 2 लोग हिरासत में**

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर–74 सुपरटेक नॉर्थ आई सोसाइटी की आठवीं मंजिल की बालकनी से गिरे युवक की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। शनिवार को पार्टी में जो लोग पहुंचे थे, वो सभी समलैंगिक ऐप के जरिए आपस में दोस्त बने थे। पुलिस ने फ्लैट से मिले दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को घटना के संबंध में कई अहम जानकारी मिली है।

### महिला के नाम पर है फ्लैट

पुलिस अधिकारियों ने बताया– अलीगढ़ के हरदुआगंज निवासी शुभम कुमार (29) की दोस्ती ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कुछ लोगों से हुई थी। ऑनलाइन मीटिंग के दौरान सात से आठ युवकों ने थानाक्षेत्र स्थित एक सोसाइटी के फ्लैट में मिलने की योजना बनाई। शनिवार को सभी फ्लैट पर पहुंचे।

फ्लैट एक महिला के नाम पर है। इसे वह किराये पर उठाती है। रविवार सुबह साढ़े छह बजे के करीब शुभम कुमार आठवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया।

### सिर में आई थी चोट

सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। सिक्योरिटी गार्ड समेत अन्य लोगों की मदद से घायल के अस्पताल ले जाया गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से ही घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। फ्लैट में रुके पांच से छह युवक रात में ही निकल गए थे। दो बचे थे, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए पुलिस फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### पूछताछ में आत्महत्या का जिक्र

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पहुंचकर जांच की।

दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के दोस्त जहां घटना को महज आत्महत्या और लापरवाही बता रहे हैं, वहीं स्थानीय लोग हादसे की आशंका जाहिर कर रहे हैं। पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में गांजा तस्कर गिरफ्तार



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर पुलिस ने सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दनकौर कस्बा निवासी 19 वर्षीय लव सैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक्सप्रेसवे के पास दबिश दी, जहां से आरोपी को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से गांजा मिला। पूछताछ में लव सैनी ने बताया कि वह काफी समय से गांजा लाकर कस्बे और आसपास के इलाकों में सप्लाई करता था। उसने पुलिस को बताया कि अपने शौक पूरे करने के लिए इस अवैध धंधे में शामिल हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस कारोबार में और कौन लोग शामिल हैं।

### नोएडा में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर–39 के सलारपुर में ठेला खड़ा करने को लेकर दो लोगों के बीच विवाद हो गया। एक ने दूसरे के पेट पर चाकू से वार किया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चाकू भी बरामद कर लिया। मौके पर पुलिस बल तैनात है। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि राजन शाह और सुरेश दोनों सलारपुर में किराए के मकान में रहते है। रविवार की रात को दोनों के बीच ठेला खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया। पहले कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। इस बीच सुरेश ने ठेले पर रखा चाकू उठा लिया और राजन के पेट पर वार करने लगा। करीब तीन से चार बार वार करने के बाद राजन वहीं गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को छुड़ाया। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर थाना सेक्टर–39 पुलिस पहुंची। राजन को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चाकू भी बरामद किया। राजन करीब 27 साल का है। वो छपरा बिहार का रहने वाला था।

### घर में घुसकर चाकुओं से हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के कस्बा रबूपुरा में दिनदहाड़े एक युवक पर उसके घर में घुसकर चाकुओं और लाठी–डंडों से हमला किया गया। 6 बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सोमवार शाम को हुई। मोहल्ला फुलविहार निवासी शिवकुमार राठौर के 18 वर्षीय पुत्र पीयूष श्मशान मार्ग स्थित अपने निर्माणाधीन मकान में अकेले मोबाइल देख रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया और हमला कर दिया। हमले के दौरान पीयूष ने अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाया और बाहर की ओर भागे। उन्हें देखकर बदमाश अपनी बाइकों पर सवार होकर जंगल की तरफ फरार हो गए। घायल पीयूष को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह वारदात उस स्थान से मात्र 300 मीटर दूर हुई है, जहां हाल ही में दलित अनिकेत पर हमला हुआ था और पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। गत 15 अक्टूबर को 12 दबंगों ने अनिकेत और उनके चाचा सुमित पर लाठी–डंडों और रॉड से हमला कर घायल कर दिया था।

### हेरिटेज सिटी को विकसित करने की तैयारी तेज

**ग्रेटर नोएडा।** राया हेरिटेज सिटी को विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। प्राधिकरण ने इसे हाइब्रिड मोड पर यानी कुछ हिस्सा कार्यदायी संस्था और कुछ स्वयं विकसित करने की योजना बनाई है। यह प्रस्ताव अगले बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि मथुरा के राया में 753 हेक्टेयर में हेरिटेज सिटी प्रस्तावित है। इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड और स्वयं भूखंड योजना निकालकर विकसित करने का एक प्रस्ताव तैयार किया गया है।इसमें प्राधिकरण आवासीय समेत कुछ अन्य हिस्सों के लिए भूखंड योजना निकालकर विकसित करने की तैयारी में है। हालांकि, इस बार अंतिम फैसला बोर्ड बैठक में होगा। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए जीरो प्वाइंट से 101 किलोमीटर पर बनाए जाने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के किनारे हेरिटेज सिटी विकसित होगी। बांके बिहारी मंदिर तक 6.9 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना है, जो प्रथम चरण में छह लेन का होगा। इसी के दोनों तरफ हेरिटेज सिटी को बसाया जाएगा। हेरिटेज सिटी में यातायात की समस्या को दूर करने के लिए पार्किंग हब बनेगा। इसमें भगवान कृष्ण की थीम पर आधारित एक आधुनिक टाउनशिप बनाने की भी योजना है।

### सरकार को पहुंचाई पौने दो करोड़ की क्षति

**नोएडा।** सेक्टर–62 के पते पर दस्तावेज में फर्म खोलकर सरकार को करीब पौने दो करोड़ राजस्व की क्षति पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोपी फर्म ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में फर्जी फर्मों से खरीद–फरोख्त दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर दिया। राज्य कर अधिकारी ने जांच के बाद सेक्टर–58 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। राज्य कर अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि राजकीय कार्य के दौरान वह ऑनलाइन जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा में पता चला कि मैसर्स केएस इंटरप्राइसेज द्वारा 29 जुलाई 2024 को जीएसटी नंबर प्राप्त किया गया था।यह नंबर वस्तु एवं सेवा कर के क्षेत्राधिकार प्राधिकरण के सहायक आयुक्त द्वारा जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन में फर्म स्वामी किरन सूर्यकांत कांबले द्वारा नाम, पता, मोबाइल और ई–मेल आईडी दर्ज कराई गई थी। बैंक विवरण में दिल्ली नजफगढ़ स्थित यश बैंक की शाखा का नंबर दर्ज कराया था। आरोप है कि वर्ष 2024–25 में केएस इंटरप्राइसेस फर्म द्वारा 9,67,33,259 रुपये की आउटवर्ड सप्लाई घोषित दिखाई गई, जबकि 1,74,11,987 रुपये का कर देना स्वीकार किया गया। साथ ही, सभी कर देय का समायोजन फर्जी आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) से किया गया।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर रोड एक्सीडेंट में महिला की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर शाम यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हुआ। दिल्ली निवासी एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके पति और दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के बदरपुर निवासी अनुज कुमार अपनी पत्नी सरस्वती, और बेटियों लवी व रिया के साथ बाइक से फिरोजाबाद जा रहे थे। जेवर क्षेत्र से गुजरते समय एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों लोग सड़क पर जा गिरे। घायलों को आनन–फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सरस्वती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित अनुज कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता अभियान

## करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**जेवर।** गौतम बुद्ध नगर जिले में सोमवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने भ्रष्टाचार, शोषण और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर के नेतृत्व में बरसात गांव निवासी रविंद्र नागर के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता और संचालन दुलीचंद नागर ने किया।संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि गौतम बुद्ध नगर जिले के कई विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने खाद्य सामग्री में मिलावट से होने वाली बीमारियों, प्राधिकरणों में भ्रष्टाचार से किसानों की परेशानी, सरकारी स्कूलों में गिरते शिक्षा स्तर और अस्पतालों में सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने निजी संस्थानों की मनमानी पर भी चिंता व्यक्त की। प्रवीण भारतीय ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाएगा।

इसका उद्देश्य ग्रामीणों को न्याय दिलाना और समाज में ईमानदारी की भावना स्थापित करना है। बैठक में गौरव भाटी, जितेंद्र भाटी, नरेश भाटी, नितिन कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# नोएडा में निवेश के नाम 80 लाख ठगे, खाता फ्रीज करने का प्रयास

**वॉट्सऐप से जोड़ा, 10 बार में रकम की गई ट्रांसफर**



**नोएडा।** शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने रिटायर्ड इंजीनियर के साथ करीब 80 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में किराये के खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर होने की जानकारी मिली है।

पीड़ित प्रेम नारायण सिंह एक निजी कंपनी में इंजीनियर थे। अगस्त में प्रेम का वॉट्सऐप पर एक अनजान व्यक्ति से संपर्क हुआ। उसने प्रेम को विभिन्न कंपनियों और शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। कुछ दिन तक वार्ता करने के बाद जब अनजान व्यक्ति ने देखा कि प्रेम निवेश करने के इच्छुक है। तो उसने रिटायर्ड इंजीनियर को एक ग्रुप में जोड़ दिया। इसमें कई सदस्य पहले से ही जुड़े हुए थे। जो लगातार निवेश पर होने वाले मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

### छोटा मुनाफा निकालने की दी अनुमति

ग्रुप में एक व्यक्ति रोजाना अन्य सदस्यों को निवेश संबंधी टिप्स देता था।उसके बताए अनुसार ही लोग निवेश करते थे और मुनाफा कमाते थे। अगस्त महीने के अंत में झांसे में आने के बाद इंजीनियर ने कुछ रकम निवेश की। इसपर उसे मुनाफा हुआ।

मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। हालांकि उस समय रकम निकालने की जगह इंजीनियर ने और पैसे निवेश किया। दी। आठ से अधिक बार में उसने ठगों द्वारा बताए गए तरीकों पर विश्वास करते हुए करीब 80 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसपर उसे दो गुना तक मुनाफा हुआ।

### सभी ने मोबाइल नंबर किए बंद

करीब 80 लाख रुपए निवेश करने के बाद इंजीनियर को अचानक से कुछ रुपए की आवश्यकता पड़ गई। उसने निवेश की हुई रकम को जब मुनाफे समेत निकालने का प्रयास किया तो ठग विभिन्न कर का हवाला देते हुए उसपर और रकम निवेश करने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित ने जब और पैसे ट्रांसफर करने में असमर्थता जताई तो उसे उस ग्रुप से बाहर कर दिया गया, जिसमें उसे अन्य लोगों के साथ जोड़ा गया था। इस दौरान जिन मोबाइल नंबरों से पीड़ित से बातचीत हुई सभी बंद आने लगे।

## पटाखा जलाने से रोकने पर परिवार पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में घर के आगे पटाखा करने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने एक परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस घटना में तीन महिलाओं सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने सोमवार शाम को कोतवाली पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दी है। गांव निवासी जयप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार रात वह अपने घर के आगे खड़े थे। उसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग लोहे की नाल से उनके घर के सामने पटाखा जला रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली–गलौज की। कुछ देर बाद, आरोपी पक्ष के अन्य लोग जबरन उनके घर में घुस आए। उन्होंने जयप्रकाश, उनकी बेटी, पत्नी और बेटे सहित परिवार के अन्य सदस्यों पर लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। दनकौर पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपी दबंग हैं और उनसे पुरानी रंजिश भी रखते हैं।

# नोएडा में अनिकेत हत्याकांड में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

## जन्मदिन पार्टी में हुआ था हमला, दो अब भी फरार



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबुपुरा थाना क्षेत्र में दलित युवक अनिकेत की हत्या के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी सुमित को रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।

यह घटना 16 अक्टूबर की रात एक जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई थी, जब अनिकेत पर लाठी–डंडों से हमला किया गया था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अंकित और उसके साथियों ने अनिकेत व उसके परिवार पर हमला किया, जिसमें अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान पिछले शुक्रवार को अनिकेत की मौत हो गई।

अनिकेत की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और जेवर विधायक के माध्यम से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक परिवार को भिजवाया।

रबुपुरा पुलिस के मुताबिक, इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश में चार विशेष टीमें गठित की गई हैं।

# ग्रेटर नोएडा में गर्लफ्रेंड को लेकर भिड़े 2 छात्र

**चाकूबाजी में 2 घायल, आरोपी गिरफ्तार**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में रविवार शाम एक युवक ने चाकू से हमला कर दो नाबालिग किशोरों को घायल कर दिया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह विवाद एक लड़की को लेकर हुआ था। पुलिस ने आरोपी शावेज पुत्र राजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना कटहेरा रोड से मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कि आरोपी शावेज ने 17 और 16 वर्ष के दो किशोरों पर चाकू से हमला किया था।

स्थानीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कटहेरा रोड तिराहा के पास से आरोपी को दबोच लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

छानबीन में खुलासा हुआ कि दोनों नाबालिग एक ही लड़की को पसंद करते थे। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर शावेज घर से चाकू लेकर आया और एक लड़के पर हमला कर दिया। बीच–बचाव करने आए उसके दोस्त को भी घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। वहीं, घायल किशोरों का उपचार जारी है।

## जेवर में महिला सम्मेलन, आत्मनिर्भरता का संदेश

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में गीता शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के प्रति अत्यंत सजग हैं। उनके नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं, जिससे महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रही हैं।विधायक धीरेंद्र सिंह ने जोर दिया कि भारत को सोने की चिड़िया बनाने का सपना तभी साकार होगा जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने खादी को स्वदेशी और स्वावलंबन का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

# घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



गौतमबुद्ध नगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के निर्देशन में आज बिसरख ब्लॉक के छलेरा आंगनवाड़ी केंद्र पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन थीम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की हब टीम से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं दहेज उन्मूलन कानून से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

मीनाक्षी ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) तथा 1098 (बाल हेल्पलाइन) के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी और सभी से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तत्परता से इन माध्यमों का उपयोग करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी

### परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

**बीसलपुर में ढकिया रंजीत गांव का मामला, मृतक के पिता की भी कुछ वर्ष पूर्व हुई थी हत्या**



बीसलपुर। बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम ढकिया रंजीत में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव बीसलपुर–पीलीभीत रोड पर केकेएस स्कूल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान आशीष गंगवार (28 वर्ष) पुत्र सूरजपाल गंगवार निवासी ढकिया रंजीत के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, आशीष रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, किंतु कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार सुबह जब परिजन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने बीसलपुर कोतवाली पहुंचे, तभी पुलिस ने बताया कि आशीष का शव सड़क किनारे पड़ा मिला है। सूचना मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे और शव देखते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव का ही एक युवक आशीष को फोन पर बुलाकर अपने साथ ले गया था, और उसी ने उसकी हत्या कर शव फेंक दिया।

मृतक की पत्नी अनामिका और मां का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व ही आशीष के पिता राजेश कुमार गंगवार की भी हत्या कर दी गई थी। राजेश का एकलौता पुत्र आशीष था, जिसकी भी निर्मम हत्या कर दी गई।सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। वहीं ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में भीषण आग

**लखनऊ।** लखनऊ में आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। आग से तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया। मरीजों और अस्पताल स्टाफ का दम घुटने लगा। अफरा–तफरी मच गई। धुआं भरने से अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती 22 मरीज फंस गए। अस्पताल के फायर अलार्म बजने लगे। मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए। तुरंत परिजनों और स्टाफ ने जैसे–तैसे CC में भर्ती मरीजों का रेस्क्यू किया। आग की सूचना सुबह 5.38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई। दमकल की टीम 5.48 बजे मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट हुआ। शॉर्ट सर्किट से सर्वर रूम में आग की लपटें उठने लगी। कुछ ही देर में आग ने ग्राउंड फ्लोर को चपेट में ले लिया।

# जैतूपर चपरा में छठ पूजा की धूम, जिम्मेदार मैजूद

### एसओ महरुआ पूजा स्थल घाट पर मौजूद



**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के जैतूपुर चपरा गांव में महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेन्द्र सोनकर तथा आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से भव्य तरीके से छठ महा पूजा पर्व का त्योहार हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है।उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह और क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के दिशा निर्देशन में थाना अध्यक्ष महरुआ लगातार थाने की फोर्स के साथ पूजा स्थल घाट पर उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं के पूजा साधना में सहयोग कर रहे हैं। पूजा स्थल पर किसी भी प्रकार की कोई अभद्रता ना हो महिलाओं बच्चों को सुरक्षित वातावरण और उत्सव का वातावरण मिले इसके लिए महरुआ पुलिस थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर के नेतृत्व में पूजा स्थल पर मौजूद है।थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने बताया कि उच्च अधिकारियों से मिले दिशा निर्देशन के क्रम में थाना महरुआ के उपनिरीक्षक महिला व पुरुष आरक्षियों के साथ श्रद्धालुओं के साथ सहयोग किया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### एसडीएम ने मंडी समिति का किया निरीक्षण धान खरीद व्यवस्था में ढिलाई पर चेताया

पूरनपुर। नवीन मंडी स्थल पर सोमवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने अपने डिप्टी के साथ पहुंचकर मंडी समिति का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में चल रही धान खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली और केंद्र प्रभारियों को किसानों के हित में सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर में किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने भी खरीद में आ रही कुछ दिक्कतों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मंडी समिति के अधिकारी सतर्क मुद्रा में दिखाई दिए। एसडीएम के प्रस्थान के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### किसानों को पराली प्रबंधन के लिए किया जागरूक

**पूरनपुर।** शेरपुरकला में सोमवार को पराली प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को पराली न जलाने और उसका वैकल्पिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. पी.के. त्यागी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने से वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की ताकत कम हो जाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली को खेतों में मिलाकर जैविक खाद तैयार करें, जिससे पर्यावरण और कृषि दोनों को लाभ होगा।कार्यक्रम में किसानों को पराली से जैविक उर्वरक बनाने की तकनीक की जानकारी दी गई। मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी, ग्रामीण किसान एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### घर में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

पूरनपुर । कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैयाकलां में रविवार रात एक घर में अचानक आग लग गई। इस हादसे में हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्राम निवासी सुधीर कुमार कुशवाहा के घर में रात करीब 8:45 बजे अज्ञात कारणों से कमरे में आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग में वाशिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक पंखा, फर्नीचर, कपड़े, नकदी और सोने के आभूषण जलकर नष्ट हो गए।परिवार ने बताया कि वर्षों बाद धनतेरस पर पहली बार उन्होंने वाशिंग मशीन खरीदी थी, जो मात्र दो सप्ताह बाद ही आग की भेंट चढ़ गई। सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नुकसान का आकलन किया। पीड़ित परिवार प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग कर रहा है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

**इटावा।** इटावा में ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी, लेकिन अब उसके परिजन न्याय के लिए थानों के चक्कर काट रहे हैं। भरथना और बकेवर थाना पुलिस के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर खींचतान के चलते दो दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। घटना शुक्रवार रात करीब सवा आठ बजे की है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला चंद उद्देतपुरा निवासी हरिओम राठौर (25) ने भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी सिग्नल के पास वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हरिओम ने आत्महत्या से पहले करीब दो मिनट का वीडियो बनाकर अपने छोटे भाई को भेजा, जिसमें उसने पत्नी, सास, साढ़ू, साला और दो सालियों पर लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया।

### पत्नी प्रेमी संग भागी, वकील पति ने सुसाइड किया

**बरेली।** बरेली में पत्नी से परेशान होकर एडवोकेट पति ने जहर खा लिया। उन्हें गुड लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पत्नी तीन महीने पहले उन्हें छोड़कर अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। तब से वह डिप्रेशन में था। प्रेमी भी उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था। पति कमल कुमार सागर ने जहर खाने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा– मेरी पत्नी दो मासूम बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई है। तीन महीने से उसी के साथ रह रही है। धमकी देती है कि तुम्हें झूठे केस में फंसा दूंगी। जिस वजह से मैं डिप्रेशन में हूं। इसलिए मैं आत्महत्या कर रहा हूं। कैंट थाना क्षेत्र के चनेहटी में रहने वाले वकील कमल की शादी 19 नवंबर, 2017 में कोमल से हुई थी। उनके दो बेटे दिव्यांश (साढ़े पांच साल) और शिवांश (साढ़े तीन साल) का है।

### रेप नहीं कर पाया तो ममेरी बहन को मार डाला

बांदा। बांदा में एक युवक ने 17 साल की नाबालिग ममेरी बहन से रेप की कोशिश की। लड़की ने उसकी इस हरकत का विरोध किया। आरोपी युवक जब रेप नहीं कर पाया तो उसने बहन की गला घोटकर हत्या कर दी। लाश को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जब मां घर पहुंची तो बेटी की लाश देख शोर मचाया। मां का आरोप है कि बेटी की बॉडी पर कपड़े नहीं थे। उसकी हालत देख लग रहा था कि उसके साथ दरिंदगी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोटकर हत्या का पता चला। पुलिस ने जांच कर 48 घंटे में सोमवार को हत्याकांड का खुलासा कर दिया। वारदात कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव की है। दरअसल, 24 अक्टूबर की शाम को कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में घर में 17 साल की लड़की की लाश मिली थी।

### उन्नाव में 14 साल की छात्रा ने आत्महत्या की

**उन्नाव।** उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के पंचमपुरवा गांव में सोमवार सुबह एक 14 वर्षीय छात्रा का शव घर के अंदर टीन शेड के पाइप से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। मृतका की पहचान रामदास रावत की पुत्री दिव्या के रूप में हुई है, जो कक्षा आठ की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दिव्या की मां आशा सोमवार सुबह खेतों में धान की कटाई करने गई थीं। जब वह दोपहर करीब दस बजे घर लौटीं, तो उन्होंने अपनी बेटी का शव फंदे से लटका देखा। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। अचलगंज थाने के इंस्पेक्टर राजेश पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। महिला आरक्षी पूजा की देखरेख में शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां आशा ने आरोप लगाया कि गांव का एक युवक लंबे समय से उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर रहा था।

# मुरादाबाद के रेस्टोरेंट में 5 सिलेंडर फटे, महिला की मौत

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में तीन मंजिला रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। इसके बाद एक–एक करके 5 गैस सिलेंडर फट गए।

हादसे में 10 से अधिक लोग झुलस गए। रेस्टोरेंट मालिक की मां माया श्रीवास्तव की मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया।

लपटों के बीच 16 लोग फंस गए। सीढ़ियों पर धुआं भरने से कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद लोगों ने आनन–फानन में रेस्टोरेंट की खिड़कियां तोड़ दीं। एक व्यक्ति पहली मंजिल से कूद गया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। बाकियों को सीढ़ियों के सहारे रेस्क्यू किया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद 2 घंटे में आग पर काबू पाया। इसके बाद झुलसे लोगों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि रेस्टोरेंट के बगल में शादी हो रही थी।

रात करीब 10 बजे द्वारचार के दौरान आतिशबाजी हो रही थी, तभी एक पटाखा रेस्टोरेंट में जा गिरा। इससे रेस्टोरेंट में आग लग गई। हादसा रविवार रात 10 बजे रामपुर रोड के कटघर क्षेत्र में हुआ। रेस्टोरेंट मालिक का नाम प्रदीप श्रीवास्तव है। उनकी प्रेम वंडर लैंड पुल के पास तीन मंजिला बिल्डिंग है।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

### मिशन शक्ति अभियान के तहत चार थानों में चला जनजागरूकता कार्यक्रम



पीलीभीत। जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत सोमवार को थाना करेली, बरखेड़ा, घुंघचाई और न्यूरिया क्षेत्र में साइबर/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान पुलिस कर्मियों ने प्रतिभागियों को न केवल आत्मरक्षा के उपाय बताए, बल्कि उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में किस प्रकार सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि इन नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।

साथ ही महिलाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया पर अशोभनीय संदेशों से बचाव, अनजान कॉल या लिंक से सावधानी जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया गया। छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अभद्रता या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक संबंधित हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें।थाना करेली, बरखेड़ा, घुंघचाई और न्यूरिया की मिशन शक्ति टीमों ने अपने–अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी संख्या में बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। टीमों ने कहा कि मिशन शक्ति सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति जनचेतना का संकल्प है, जिसे हर नागरिक को आगे बढ़ाना चाहिए।

# खाद न मिलने से गुस्साए किसानों ने किया हंगामा, सचिव का किया घेराव

### गुलैंदा गौंटिया स्थित ग्यासपुर किसान सहकारी समिति पर प्रदर्शन, बाद में शुरू हुआ वितरण



बीसलपुर। ग्राम गुलैंदा गौंटिया स्थित ग्यासपुर किसान सहकारी समिति पर सोमवार को खाद वितरण न होने से ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और सचिव का घेराव किया। किसानों का आरोप था कि समिति के सचिव ने उनसे धनराशि लेकर भी खाद नहीं दी, जिससे किसानों में भारी रोष फैल गया।सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के कई ग्रामों के किसान पिछले कई दिनों से समिति का चक्कर काट रहे थे, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही थी। सोमवार को जब फिर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा तो किसानों का सब्र टूट गया। उन्होंने सड़क पर नारेबाजी करते हुए समिति परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि सचिव मुन्ना लाल ने कई काश्तकारों से पैसे लेकर भी खाद नहीं बांटी। इस पर प्रदर्शनकारियों ने सचिव का घेराव कर विरोध जताया। स्थिति बिगड़ती देख सचिव ने तत्काल खाद वितरण शुरू कराया, जिसके बाद कहीं जाकर किसानों ने घेराव समाप्त किया।इस प्रदर्शन का नेतृत्व हिंदू महासभा के महामंत्री अवनीश रत्न ने किया। प्रदर्शन में बाबूराम वर्मा, महेंद्र मौर्य, द्वारिका प्रसाद, धर्मपाल वर्मा, राजीव कुमार, सत्यपाल, रामनिवास त्रिगुणायत, अखिलेश मिश्रा सहित दो दर्जन से अधिक किसान मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण में पारदर्शिता रखी जाए ताकि भविष्य में किसानों को इस तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

# ललितपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव

**ललितपुर।** जनपद में कलार कलचुरी समाज के आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर नगर में धार्मिक वातावरण व्याप्त है। समाज के लोगों ने इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं। कलचुरी समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत तुवन मंदिर से भव्य शोभायात्रा के रूप में की जाएगी।

शोभायात्रा में भगवान सहस्त्रबाहु जी की सुंदर झांकी सजाई जाएगी। शोभायात्रा में महिलाएं, युवा और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगे। डीजे, ढोल–नगाड़ों और भजन मंडलियों के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलचुरी भवन पहुंचेगी।

कलचुरी भवन को फूल–मालाओं, रंगीन झालरों और रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है।

यहां वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन और पूजन संपन्न किया जाएगा। भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की आरती कर समाजजनों को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा।

# झांसी में दो ट्रॉली लगा ट्रैक्टर पलटा, महिला की मौत

**झांसी।** झांसी में रविवार रात को श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर और दो ट्रॉली सड़क किनारे खाई में पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चे समेत 14 लोग घायल हैं। इसमें से 8 घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

बताया जा रहा है कि लगभग 100 श्रद्धालु दोपहर में 3 बजे गांव से जवारे लेकर मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर के लिए रवाना हुए थे। बच्चे और महिलाएं ट्रैक्टर में बैठे थे, जबकि अधिकतर लोग भजन गाते हुए पैदल चल रहे थे।

अचानक ब्रेक फेल होने से ट्रैक्टर असंतुलित होकर करीब 15 फीट गहरी खाई में पलट गया। ट्रैक्टर में लगी दो ट्रॉली भी पलट गई और लोग नीचे दब गए। इससे चीख पुकार मच गई। साथ चल रहे लोगों ने हाथों से ट्रॉली को उठाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा समथर थाना क्षेत्र के बुढ़ेरा घाट के पास हुआ है।

पूंछ थाना क्षेत्र के धौरका गांव के रहने वाले दयावती ने बताया– हर साल ग्रामीण जवारे लेकर मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर जाते हैं। इस साल 13वीं बार जवारे लेकर ग्रामीण रविवार दोपहर 3 बजे रवाना हुए थे।

# छठ पूजा महापर्व का एसडीएम भीटी ने लिया जाएजा

### सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त : इंस्पेक्टर भीटी , बेलघाट पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, की पूजा अर्चना

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के दिशा निर्देशन में भीटी तहसील क्षेत्र स्थित मझुयी नदी पर बेलघाट नामक स्थान पर छठ पूजा महापर्व की धूम मची है,लगभग 5000 श्रद्धालु डूबते और उगते सूर्य की उपासना के लिए कड़ी मेहनत करके अपने घरों से बेलघाट पर परिवार,बच्चों तथा पूजा सामग्री लेकर के उपस्थित हुए हैं।तो वहीं भीटी तहसील प्रशासन एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह सीओ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर खंड विकास अधिकारी भीटी हौसला प्रसाद एडियो पंचायत भीटी प्रभात सिंह के साथ हर तैयारी को अंतिम रूप दे चुका है।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा सीओ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के द्वारा लगातार बेलाघाट पर महापर्व छठ पूजा स्थल की निगरानी निरीक्षण किया जा रहा है। तहसीलदार भीटी तथा प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे अपने सहयोगियों के साथ घाट पर मौजूद हैं, तथा श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी दुश्वरी का सामना न करना पड़े इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है,ऐसे में वहां के गणमान्य नागरिकों ग्राम प्रधानों का भी भरपूर सहयोग लिया गया है बेलघाट पर लाइट की व्यवस्था टेंट की व्यवस्था तथा महिलाओं बच्चों के लिए शौचालय पानी आदि की व्यवस्था खण्ड विकास अधिकारी भीटी के द्वारा मुहैया कराई गई है।एडियो पंचायत भीटी प्रभात सिंह के दिशा निर्देशन में सफाई कर्मचारियों के द्वारा घाट पर स्वच्छ जल की उपलब्धता तथा घाट पर कूड़ा कचरा सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था की गई है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज–05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता , यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रहे मुख्यातिथि के रूप मौजूद



**ललितपुर।** शहर के इलाइट चौराहे के पास स्थित अमर पैलेस होटल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में ललितपुर भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक राम रतन कुशवाहा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत रहे वही प्रवासी के रूप में अनुभा सोलंकी मौजूद रही युवा सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह द्वारा आत्मनिर्भर भारत के बारे में युवाओं को जानकारी दी गई उन्होंने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान द्वारा हमें स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए वही देश में बनी हुई वस्तुएं ही हमें प्रयोग में लेनी चाहिए युवा सम्मेलन में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में युवाओं ने भाग लिया आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### हूती विद्रोहियों ने दो और यूएन कर्मियों को अगवा किया

**सना , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दो और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को अगवा किया है। यमन में संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ लगातार आक्रामक तेवर दिखा रहे हूती लड़ाकों ने जिन्हें अगवा किया है उसमें एक महिला भी शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर है। शनिवार को यमन की राजधानी सना में विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लयूएफपी) की दो महिला कर्मचारियों को घर से अगवा किया गया। इनमें से एक महिला ने हाल ही में समय से पहले बच्चे को जन्म दिया था, जिसकी मृत्यु हो गई थी। वह एक अन्य डब्लयूएफपी कर्मचारी की बहन है। महिला के भाई को इस महीने की शुरुआत में कुछ समय के लिए किडनैप किया गया था। संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के मुताबिक हूती विद्रोहियों ने गत गुरुवार और शुक्रवार को भी कुछ कर्मियों को अगवा किया। विद्रोही समूह संयुक्त राष्ट्र की संपत्तियां और संचार उपकरण भी अपने कब्जे में ले चुके हैं। हूती विद्रोही अब तक कम से कम 55 संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों को अगवा कर चुके हैं। लगातार बढ़ती इन घटनाओं और दबाव के कारण संयुक्त राष्ट्र को इस इलाके में अपनी गतिविधियों को सीमित करना पड़ा है। शीर्ष अधिकारी को सना से अदन भेज दिया गया है।

### उत्तरी कैरिबियन में तूफान मेलिसा, बाढ़ का खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी मौसम विशेषज्ञों ने बताया है कि उष्णकटिबंधीय तूफान मेलिसा के कारण जमैका में चक्रवात का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा, उत्तर कैरेबियाई क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा भी पैदा हो गया है। मेलिसा फिलहाल 110 किमी प्रति घंटा की गति से आगे बढ़ रहा है। रविवार तक ये बड़े चक्रवात में बदल सकता है। अमेरिकी नेशनल हरीकेन सेंटर के अनुसार, सोमवार तक ये तूफान जमैका के निकट पहुंच सकता है। जमैका, हैती और डोमिनिकन गणराज्य के दक्षिणी हिस्सों में सोमवार तक 64 सेंटीमीटर तक बारिश और दक्षिण–पश्चिम हैती में 89 सेंटीमीटर तक बारिश की आशंका है। तूफान के कारण हैती में तीन और डोमिनिकन गणराज्य में अब तक एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। सैकड़ों घरों और बुनियादी ढांचे को भी नुकसान हुआ है। जमैका सरकार ने 650 से अधिक राहत और बचाव केंद्रों को सक्रिय कर दिया है। प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने लोगों से मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की है। तूफान के कारण स्थानीय लोगों को चार दिनों तक भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन की मार झेलनी पड़ सकती है। इसके अलावा बिजली और संचार भी बाधित होने की आशंका है।

### यूक्रेन में रूसी मिसाइल और ड्रोन से हमले में 4 लोगों की मौत ; जेलेंस्की ने मांगी हवाई सुरक्षा

**कीव, एजेंसी।** रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में शुक्रवार रात से शनिवार तक यूक्रेन में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से एयर डिफेंस सिस्टम प्रदान करने का अनुरोध फिर से किया। राजधानी कीव में बैलिस्टिक मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए और 13 घायल हुए। यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस ने बताया कि एक गैर–आवासीय इमारत में आग लगी और मिसाइल के अवशेषों से आसपास की इमारतों की खिड़कियां टूट गईं। मेयर विताली क्लित्स्को ने इसे राजधानी पर बैलिस्टिक हमला बताया। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने नौ मिसाइल और 62 ड्रोन दागे, जिनमें से चार मिसाइल और 50 ड्रोन को इंटरसेप्ट किया गया। वहीं, रूस ने रातभर 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

### चीन के सुनहरी नाक वाले बंदरों का यूरोपीय चिड़ियाघरों में प्रीमियर

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के दुर्लभ सुनहरी नाक वाले बंदरों का अब यूरोपीय चिड़ियाघरों में प्रीमियर हुआ है। ये बंदर अपने घने बालों और हल्के नीले चेहरे के कारण जाने जाते हैं। ये बंदर अब यूरोप में पैंडा के बाद चीन के नए फर वाले दूत के रूप में चिड़ियाघरों में पहुंचे हैं। ये बंदर 10 साल की अवधि के लिए लोन पर दिए गए हैं। तीन सुनहरे बंदर अप्रैल में फ्रांस के बौवल चिड़ियाघर पहुंचे हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं जयंती के उपलक्ष्य के रूप में हुआ।

### खैबर पख्तूनख्वा में लड़कियों के लिए बन रहा स्कूल विस्फोट से तबाह

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के टैंक जिले के गारा बुद्ध गांव में अज्ञात हमलावरों ने शुक्रवार को लड़कियों के लिए बनाए जा रहे एक निर्माणाधीन प्राइमरी स्कूल को विस्फोट से उड़ा दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले से स्थानीय निवासियों में डर और आक्रोश फैल गया है।

# पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर बवाल, भड़के ट्रंप ने कनाडा पर ठोका अतिरिक्त टैरिफ

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वॉर तेज होता हुआ नजर आ रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को ओटावा के ऊपर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बयान का गलत उपयोग करने को लेकर लताड़ लगाई। ट्रंप ने कनाडा के ऊपर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। ट्रंप का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही कनाडा के साथ व्यापारिक वार्ता समाप्त करने की घोषणा की थी। हालांकि, ट्रंप के इस फैसले के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा था कि वह वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं।

सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कनाडा को जमकर कड़वे घूंट पिलाए। ट्रंप ने लिखा, कनाडा को रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए एक भाषण पर फर्जी एड बनाते पकड़ा गया है। इस वीडियो को लेकर रीगन फाउंडेशन की तरफ से कहा गया है कि राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के चुनिंदा ऑडियो और वीडियो का इस्तेमाल करके एक विज्ञापन अभियान बनाया गया ह। यह विज्ञापन राष्ट्रपति के रेडियो संबोधन को गलत तरीके से पेश करता है। ट्रंप ने कनाडाई सरकार को आड़े हाथों लेते हुए लिखा, रीगन के बयान का इस्तेमाल करने या उसकी कांट-छांट करने की अनुमति रीगन फाउंडेशन से नहीं ली गई है। इसके लिए फाउंडेशन अपने कानूनी विकल्प तलाश रहा है।



उन्होंने आगे कहा,इस धोखाधड़ी का एकमात्र उद्देश्य यह था कि इसके जरिए यूएस का सर्वोच्च न्यायालय उन टैरिफों पर उनकी बचाव करेगा जिनका इस्तेमाल उन्होंने वर्षों से संयुक्त राज्य अमेरिका को नुकसान पहुँचाने के लिए किया है। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में ट्रंप ने कनाडा समेत तमाम देशों के ऊपर टैरिफ लगा दिए थे। इसमें से दीक्षा के ऊपर 25 फीसदी और ऊर्जा उत्पादकों पर 10 फीसदी का टैरिफ लगा दिया था। इसके जवाब में कनाडा ने भी जवाबी टैरिफ लगाया था। स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ के बाद, कनाडा ने अमेरिका से आयातित स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों के साथ-साथ औजारों, कंप्यूटर और सर्वर, डिस्प्ले मॉनिटर, खेल उपकरण और कच्चे लोहे के उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था।

**क्या है पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति का भाषण :** कनाडा की तरफ से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के एक भाषण के कुछ अंशों का उपयोग करके टैरिफ के खिलाफ एक विज्ञापन तैयार किया गया है। एक मिनट के इस विज्ञापन में रीगन को टैरिफ विरोधी बातें करता हुआ सुना जा सकता है। जबकि रीगन द्वारा 1987 में दिए गए इस भाषण में वह सेमीकंडक्टर्स पर व्यापार विवाद के चलते जापानी इलेक्ट्रॉनिक्स पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने को उचित ठहराया था। वर्तमान में न्यूज मैक्स और ब्लूमबर्ग द्वारा प्रसारित किए गए इस विज्ञापन में रीगन को आयात पर लगाए जा रहे टैरिफ के दीर्घकालिक दुष्परिणाम बताते हुए सुना जा सकता है। रीगन ने कहा, उच्च टैरिफ अनिवार्य रूप से विदेशी देशों द्वारा प्रतिशोध और भयंकर व्यापार युद्धों को जन्म देते हैं। फिर सबसे बुरा होता है। बाजार सिकुड़ते और ढहते हैं, व्यवसाय और उद्योग बंद हो जाते हैं, और लाखों लोग अपनी नौकरी खो देते हैं।

**बेसबॉल मैच के दौरान चलाया गया विज्ञापन :** यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रम्प के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा- कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रम्प ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, कल रात इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। बता दें कि वर्ल्ड सीरीज अमेरिका और कनाडा में खेले जाने वाले बेसबॉल खेल की सालाना चैंपियनशिप सीरीज है। ट्रम्प के ऐलान के बाद अभी यह साफ नहीं कि वे इस एक्स्ट्रा टैरिफ को लगाने के लिए किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस बात की भी जानकारी नहीं दी है कि यह 10% एक्स्ट्रा टैरिफ किस तारीख से लागू होगा।

# भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा , डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराया दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर। शनिवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।

यह बयान उस समय आया है जब ट्रंप दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक और संसाधनों की पहुंच को लेकर तनाव लगातार बढ़ रहा है।

**रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा :** ट्रंप ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रंप कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा था कि भारत



ने मुझे बताया है कि वे धीरे-धीरे इस प्रक्रिया को समाप्त कर रहे हैं। आप रातोंरात तेल खरीद बंद नहीं कर सकते। लेकिन साल के अंत तक यह लगभग शून्य के बराबर रह जाएगी।

**भारत की ऊर्जा नीति पूरी तरह स्वतंत्र :** हालांकि, भारत ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत की ऊर्जा नीति पूरी तरह स्वतंत्र है और इसका उद्देश्य सस्ती कीमतों पर स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत के ऊर्जा निर्णय उसके राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं, न कि किसी बाहरी राजनीतिक दबाव से। भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद इसलिए कर रहा है ताकि घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखा जा सके और ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे।

# पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया। आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी अन्य छिपे आतंकी को पकड़ा जा सके। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी सेना के बयान में कहा कि 'अज़्म-ए-इस्तेहकाम' अभियान के तहत सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां पाकिस्तान से विदेशी समर्थित आतंकवाद के खात्मे तक कार्रवाई जारी रखेंगी। हमारे जवानों के बलिदान से हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में। अधिकतर हमले पुलिस, सुरक्षा बलों और सरकारी ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। 2022 में झ्झक्क द्वारा सरकार के साथ युद्धविराम समझौता तोड़ने के बाद से हमलों में भारी वृद्धि देखी गई है। हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहैल अफरीदी ने दावा किया था कि प्रांत में आतंकवाद की पुनर्वापसी केंद्र सरकार की गलत नीतियों का नतीजा है। हालांकि, सत्ता में रही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी सैन्य अभियानों का विरोध करती रही है, क्योंकि इनसे जन विस्थापन और नागरिकों की परेशानी बढ़ जाती है।

# कमला हैरिस अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव फिर लड़ सकती हैं, कहा- अभी मेरी राजनीति खत्म नहीं हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने फिर से राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकती हैं। बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कमला ने कहा कि वे खुद को एक दिन राष्ट्रपति बनने की संभावना के रूप में देखती हैं। हैरिस ने कहा, मैं खत्म नहीं हुई हूं। उन्होंने कहा- मैंने पूरी जिंदगी लोगों की सेवा की है। यह मेरे रग-रग में है। मुझे यकीन है कि अमेरिका एक दिन एक महिला राष्ट्रपति को चुनेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह महिला राष्ट्रपति कमला हो सकती हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, शायद। कमला हैरिस ने उन सर्वेक्षणों को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्हें बहुत पीछे रखा गया है। उन्होंने कहा, अगर मैं जनमत सर्वेक्षणों को सुनती, तो मैं अपने पहले कार्यालय या अपने दूसरे कार्यालय के लिए नहीं दौड़ती, और मैं निश्चित रूप से यहां नहीं बैठी होती।

**चुनाव लड़ने की संभावना से इनकार :** कमला हैरिस व्हाइट हाउस के लिए एक और चुनाव लड़ने की संभावना से इनकार नहीं कर रही हैं। शनिवार को बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में हैरिस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में अमेरिका में एक महिला राष्ट्रपति बनेगी, और यह संभवतः वह हो सकती हैं।

**2028 में चुनाव लड़ने पर क्या बोलीं :** बीबीसी के साथ बातचीत में कमला हैरिस ने कहा कि मैं अभी खत्म नहीं हुई हूं। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अभी तक 2028 में चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस संभावना को खारिज भी नहीं किया। उन्होंने कहा, मैंने अपना पूरा करियर सेवाभाव से जिया है और यह मेरे अंदर बसा है। और सेवा करने के कई तरीके हैं।



उन्होंने कहा, मैंने कभी जनमत सर्वेक्षणों पर ध्यान नहीं दिया।

**डोनाल्ड ट्रंप से हार का किया सामना :** सितंबर में अपनी पुस्तक 107 डेज के विमोचन के बाद उन्होंने हाल ही में कई इंटरव्यू दिए हैं। इस किताब में उन्होंने उस दौर का जिक्र किया है, जब उन्होंने जो बाइडन के चुनाव से हटने के बाद 2024 में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह ली थी। हालांकि उस चुनाव में उन्हें रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले हफ्ते एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक साक्षात्कार में 60 वर्षीय हैरिस ने यह भी स्पष्ट किया कि 2028 में फिर से चुनाव लड़ने पर अभी भी विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह खुद को पार्टी के एक नेता के रूप में देखती हैं, जिसमें ट्रम्प के खिलाफ लड़ाई और 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी भी शामिल है। वहीं 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेट्स के बीच राजनीतिक होड़ सामान्य से भी पहले शुरू होती दिख रही है। कई संभावित उम्मीदवार पहले से ही प्रमुख राज्यों के मतदाताओं को जानने के लिए कदम उठा रहे हैं, जिनमें कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर और कैलिफोर्निया के प्रतिनिधि रो खन्ना शामिल हैं।

# गाजा में इस्त्राइल का हवाई हमला, इस्लामिक जिहाद सदस्य को बनाया निशाना; अस्पताल में चार घायल लोग भर्ती

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी में इस्राइल ने नुसेरात इलाके में हवाई हमला किया, जिसमें इस्लामिक जिहाद संगठन के एक सदस्य को निशाना बनाया गया। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हुआ संघर्षविराम अब भी प्रभावी था। इस्राइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसने यह कार्रवाई एक सटीक और योजनाबद्ध स्ट्राइक के तहत की। सेना ने बयान में कहा कुछ देर पहले आईडीएफ (इस्राइली डिफेंस फोर्स) ने नुसेरात इलाके में एक इस्लामिक जिहाद आतंकवादी को निशाना बनाया, जो हमारे सैनिकों पर आसन्न हमला करने की योजना बना रहा था। चार लोग घायल, अस्पताल ने दी जानकारी



हमास-शासित क्षेत्र में स्थित अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि नुसेरात कैंप में हुए हमले के बाद चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन ने बयान जारी कर कहा अल-अहली क्लब क्षेत्र में एक नागरिक कार को निशाना बनाए जाने के बाद चार लोग घायल हुए हैं। दो सप्ताह से लागू है संघर्षविराम पिछले दो हफ्तों से हमास और इस्राइल के बीच संघर्षविराम लागू है। हालांकि, इस्राइल ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वह किसी भी हमले की स्थिति में अपने सैनिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार रखता है। इस हमले के बाद एक बार फिर से यह चिंता बढ़ गई है कि कहीं संघर्षविराम टूट न जाए और गाजा में हालात फिर से बिगड़ जाएं। इस्राइल की चेतावनीः खतरे खत्म होने तक कार्रवाई जारी रहेगी इस्राइली सेना ने कहा है कि वह गाजा में तब तक अभियान जारी रखेगी जब तक उसके सैनिकों के खिलाफ कोई तत्काल खतरा मौजूद है।इस्राइली सेना ने दोहराया कि हम गाजा में सभी खतरों को समाप्त करने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लगातार तनाव और अस्थिरता गाजा पट्टी लंबे समय से इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष का केंद्र बनी हुई है। इस्लामिक जिहाद जैसे उग्रवादी संगठन अक्सर सीमा पर रॉकेट हमले और घुसपैठ की कोशिश करते हैं। इस्राइल की ओर से की जाने वाली हवाई कार्रवाईयों में अक्सर नागरिकों की हताहतें भी होती हैं।

# इस्राइल-ईयू की मुखर आलोचक, चुनाव में वामपंथी निर्दलीय प्रत्याशी; कौन हैं नई राष्ट्रपति कैथरीन कोनोली?

**लंदन, एजेंसी।** वामपंथी विचारधारा वाली निर्दलीय उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने आयरलैंड चुनाव में इतिहास रच दिया है। उन्होंने आयरलैंड के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता है। वामपंथी स्वतंत्र उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने मध्य-दक्षिणपंथी पार्टी फाइन गेल की उनकी प्रतिद्वंद्वी हीथर हम्फ्रीज को भारी मतों से पीछे छोड़ दिया। शनिवार को मतगणना समाप्त होने से पहले ही हीथर ने हार स्वीकार कर ली थी।

आयरलैंड ने अपने इतिहास की तीसरी महिला राष्ट्रपति को चुना है। कैथरीन कोनोली को सिन फेन सहित आयरलैंड की वामपंथी पार्टियों का समर्थन प्राप्त था। ऐसे में जानिए कौन हैं कैथरीन कोनोली? जिन्होंने आयरिश राष्ट्रपति चुनाव जीता है।

**पूर्व वकील और 2016 से संसद सदस्य :** पूर्व बैरिस्टर कैथरीन कोनोली, जो 2016 से सांसद हैं, वो गाजा में युद्ध को लेकर इस्राइल की मुखर आलोचना करती रही हैं। उन्होंने रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण के बाद यूरोपीय संघ के बढ़ते सैन्यीकरण के खिलाफ भी चेतावनी दी। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने बेबाक विचारों से जनता के बीच पहचान बनाई है। हालांकि आयरलैंड में सैन्य तटस्थता की परंपरा रही है, लेकिन उनके आलोचकों का कहना है कि इससे देश के सहयोगियों के अलग-थलग पड़ने का खतरा है। नई राष्ट्रपति कैथरीन कोनोली अब



माइकल डी. हिगिंस की जगह लेंगी, जो 2011 से राष्ट्रपति हैं और उन्होंने अधिकतम दो बार सात-वर्षीय कार्यकाल पूरा किया है। वह आयरलैंड की 10वीं राष्ट्रपति और इस पद पर आसीन होने वाली तीसरी महिला होंगी।

**वामपंथी झुकाव वाली स्वतंत्र उम्मीदवार :** वामपंथी झुकाव वाली स्वतंत्र उम्मीदवार कोनोली को सिन फेन, लेबर पार्टी और सोशल डेमोक्रेट्स सहित कई वामपंथी दलों का समर्थन प्राप्त है। वहीं प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने शनिवार को कोनोली को उनकी बेहद व्यापक चुनावी जीत के लिए बधाई दी और कहा कि यह स्पष्ट है कि वह आयरलैंड की अगली राष्ट्रपति होंगी।

बता दें कि मार्टिन की फियाना फेल पार्टी के उम्मीदवार जिम गेविन के चुनाव से तीन हफ्ते पहले एक पुराने वित्तीय विवाद के कारण से हटने के बाद कोनोली और हम्फ्रीज ही एकमात्र दावेदार थे। आयरलैंड की सरकार के प्रमुख मार्टिन ने व्यक्तिगत रूप से गेविन का राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन किया था। हालांकि गेविन ने प्रचार करना बंद कर दिया था, लेकिन चुनाव से देर से हटने के कारण उनका नाम मतपत्र पर बना रहा।

# ट्रम्प ने थाईलैंड-कंबोडिया शांति समझौते पर हस्ताक्षर कराए

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** थाईलैंड और कंबोडिया ने रविवार को कुआलालंपुर में सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसमें मध्यस्थता की। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। इससे पहले ट्रम्प आज सुबह कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुए। यहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प ने स्थानीय कलाकारों के साथ डांस भी किया। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल होंगे। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

**ट्रम्प बोले- थाईलैंड और कंबोडिया एक-दूसरे को पसंद करते हैं :** मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि जिन दो देशों के साथ हम यह समझौता कर रहे हैंज् वे वास्तव में एक-दूसरे को पसंद करते हैं। मैं इस तरह की स्थिति का आदी नहीं हूं। जब मैं ऐसे समझौते करता हूं, आमतौर पर बहुत दुश्मनी होती है। ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बेहद सम्मान था, जिससे समझौते को आसान बनाने में मदद मिली। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच दुश्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्थिति बहुत जटिल है।

समारोह में कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट, थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुरुतिन चार्नविराकुल, ट्रम्प और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम शामिल हुए। इससे पहले जुलाई में दोनों देशों की सीमा पर तनाव पांच दिन के हिंसक संघर्ष में बदल




गया था। इसमें दर्जनों नागरिक मारे गए और सैकड़ों हजार लोग अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे।

**थाईलैंड और कम्बोडिया शांति समझौते पर बोले ट्रम्प :** राष्ट्रपति ट्रम्प ने मलेशिया में थाईलैंड और कम्बोडिया के बीच होने वाले शांति समझौते के समारोह को संबोधित किया। यह बहुत रोमांचक है, क्योंकि हमने कुछ ऐसा किया जो कई लोग असंभव मानते थे। दो महान देश, लेकिन वे आपस में टकरा रहे थे। मैं इन दोनों साहसी नेताओं को बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने यह ऐतिहासिक कदम उठाया।

**आसियान समिट कवर करने 3 हजार पत्रकार पहुंचे :** आसियान समिट में लगभग 3 हजार मीडियाकर्मी शामिल हुए हैं। हालांकि इस समिट की सबसे अहम बैठकें बंद दरवाजों के पीछे आयोजित हो रही हैं। कुआलालंपुर में सुरक्षा कड़ी, हजारों पुलिसकर्मी तैनात कुआलालंपुर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। शहर में हजारों पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आज होने वाले कार्यक्रम की तैयारी में कई सड़कों और ट्रेन स्टेशनों को बंद कर दिया गया है। ऊपर से ड्रोन और हेलीकॉप्टर लगातार उड़ते दिखाई दे रहे हैं। मलेशियाई प्रधानमंत्री ने एकता रखने की बात कही मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने आज आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान सभी नेताओं से एकजुट रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात तेजी से बदल रहे हैं, ऐसे समय में सदस्य देशों के बीच एकता और सहयोग बनाए रखना बेहद जरूरी है। मलेशियाई प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि संगठन की ताकत उसकी लचीलापन और साझा उद्देश्य में निहित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आसियान को स्थिर नहीं रहना चाहिए और बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना ही इसकी मजबूती का मूल मंत्र है।

# अश्विन के बाद अब बीबीएल में दिखेंगे रोहित और विराट, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिए बड़े संकेत

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमी पर शायद आखिरी बार वनडे मैच खेला। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे वनडे में दोनों ने मिलकर 168 रनों की नाबाद साझेदारी कर भारत को 9 विकेट से शानदार जीत दिलाई। रोहित ने शतक जड़ा, जबकि कोहली 74 रन बनाकर नाबाद रहे।

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या दोनों भारतीय दिग्गज भविष्य में बिग बैश लीग (BBL) में खेलते नजर आएंगे? दरअसल, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने संकेत दिया है कि BBL भविष्य में भारतीय सितारों के लिए अपने दरवाज़े खोल सकता है। हाल ही में रविचंद्रन अश्विन के सिडनी थंडर से जुड़ने के बाद इस चर्चा ने और ज़ोर पकड़ लिया है।

ग्रीनबर्ग ने कहा, 'हमें लगता है कि निकट भविष्य में यह संभव है। अश्विन का जुड़ना हमारे लिए बड़ा पल है और यह दिखाता है कि भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी BBL को कितना मज़बूत बना सकती है।'

उन्होंने यह भी बताया कि अगर लीग में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट (निजी निवेश) की अनुमति मिलती है, तो इससे BBL के पास इतनी आर्थिक क्षमता होगी कि वह कोहली और रोहित जैसे सुपरस्टार्स को आकर्षित कर सके।

फिलहाल यह एक रणनीतिक योजना है, कोई पक्का ऐलान नहीं। लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की यह सोच दर्शाती है कि भविष्य में भारतीय दिग्गजों को BBL में देखने का सपना शायद हकीकत बन जाए। अश्विन का उदाहरण अब एक 'मॉडल केस' बन गया है, जिससे पता चलता है कि रिटायरमेंट के बाद भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग्स में उतर सकते हैं।




# पीवी सिंधु ने चोट के कारण 2025 सीजन किया समाप्त, अगले साल करेंगी दमदार वापसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी. वी. सिंधु ने पैर की चोट से पूरी तरह उबर न पाने के कारण 2025 बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। सिंधु ने बताया कि उन्होंने यह फैसला अपने सपोर्ट स्टाफ और मशहूर खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से लंबी चर्चा के बाद लिया।

सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह से हमने तय किया कि 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना मेरे लिए सही रहेगा। यूरोप दौरे से पहले लगी पैर की चोट पूरी तरह ठीक नहीं हुई है। हालांकि यह फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन चोटें हर खिलाड़ी के सफर का हिस्सा होती हैं। ये हमारे धैर्य और जज़्बे की परीक्षा लेती हैं, पर हमें और मजबूत भी बनाती हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि वह वर्तमान में रिकवरी और ट्रेनिंग पर ध्यान दे रही हैं, जिसमें डॉ. वेन लोम्बार्ड, निशा रावत, चेतना और कोच इरवांश्या लगातार उनकी मदद कर रहे हैं। सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का विश्वास मुझे हर दिन नई ताकत देता है। मैं आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित महसूस कर रही हूं।'

सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करने की उम्मीद रखती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं खत्म नहीं होता,जल्द ही फिर शुरुआत होगी।' पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद, सिंधु के लिए 2025 का सीजन चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन निरंतरता हासिल नहीं कर पाई।

# दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले रणजी मैदान में लौटे जायसवाल, इस टीम में हुई वापसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में मैदान पर उतरने को तैयार हैं। वे मुंबई टीम की ओर से राजस्थान के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025 मुकाबले में खेलेंगे, जो 1 नवंबर से जयपुर में शुरू होगा। यह मुकाबला दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज से पहले जायसवाल के लिए अहम माना जा रहा है।

जायसवाल की पिछली अंतरराष्ट्रीय पारी वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ में अहमदाबाद और नई दिल्ली में रही थी। वहीं, उन्होंने आखिरी बार घरेलू क्रिकेट में जनवरी 2025 में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के लिए खेला था।

जानकारी के अनुसार, यशस्वी ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) को सूचित किया है कि वे अगले रणजी मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, राष्ट्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को जब वे टीम इंडिया के साथ नहीं होते, तो घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेना आवश्यक होता है। इसी कारण जायसवाल अब जयपुर में मुंबई टीम से जुड़ेंगे, जो 30 अक्टूबर तक पहुंचने वाली है।

सिर्फ इतना ही नहीं, जायसवाल ने मुंबई स्कूल्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन (MSSA) के लिए भी सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने हैरिस और गाइल्स शील्ड फाइनल के लिए 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार को प्रायोजित करने का निर्णय लिया है। MSSA के एक अधिकारी ने कहा, 'यशस्वी ने खुद पहल करते हुए कहा कि वह मुंबई क्रिकेट को वापस कुछ देना चाहते हैं। हम उनके इस कदम का स्वागत करते हैं।'

टेस्ट क्रिकेट में जायसवाल का अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से उन्होंने 26 टेस्ट मैचों में 2428 रन बनाए हैं, जिसमें एक नाबाद दोहरा शतक, 7 शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। इस सीरीज से पहले जायसवाल का रणजी अभ्यास उनके फॉर्म और आत्मविश्वास दोनों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है।

# 'ईमानदारी से कहूं तो...', सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी फॉर्म पर गंभीर ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म से परेशान नहीं हैं क्योंकि जब टीम बहुत अधिक आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करती है तो 'विफलताएं मिलती हैं'। भारत ने पिछले महीने एश्व में सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप टूर्नामेंट जीता था लेकिन भारतीय कप्तान की बल्लेबाजी फॉर्म कुछ खास नहीं रही क्योंकि वह सात पारी में सिर्फ 72 रन बना पाए। हालांकि मुख्य कोच ने सूर्यकुमार का समर्थन किया है।

गंभीर ने 'जियो हॉटस्टार' पर चर्चा के दौरान कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो सूर्यकुमार की बल्लेबाजी फॉर्म से मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि हमने अपने ड्रेसिंग रूम में बहुत अधिक आक्रामक रवैया अपनाया है। जब आप इस सोच को अपनाते हैं तो विफलताएं तो होती हैं। सूर्यकुमार के लिए 30 गेंद पर 40 रन बनाना और आलोचना से बचना आसान होता लेकिन हमने मिलकर तय किया है कि इस तरीके को अपनाते हुए विफल होने में कोई समस्या नहीं है।''

जब सूर्यकुमार बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे थे तब अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में धूम मचा दी। गंभीर ने कहा कि उनका ध्यान किसी एक खिलाड़ी पर नहीं बल्कि पूरी टीम पर है। उन्होंने कहा, 'अभी अभिषेक शर्मा अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने पूरे एशिया कप में इसे बनाए रखा। जब सूर्या लय में आ जाएंगे तो वह उसी हिसाब से जिम्मेदारी उठाएंगे।''

गंभीर ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में हमारा ध्यान व्यक्तिगत रनों पर नहीं बल्कि उस तरह के क्रिकेट पर होता है जैसा हम खेलना चाहते हैं। हमारी आक्रामक शैली में बल्लेबाज अधिक बार विफल हो सकते हैं लेकिन आखिर में रन से अधिक प्रभाव मायने रखता है।' गंभीर ने इस दौरान निडर टीम संस्कृति बनाने के अपने विजन और सूर्यकुमार के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार एक बेहतरीन इंसान हैं और अच्छे इंसान अच्छे नेतृत्वकर्ता बनते हैं। वह मेरी काफी सराहना करते हैं लेकिन मेरा काम बस खेल को समझने के अपने तरीके के आधार पर उन्हें सही सलाह देना है। आखिरकार यह उनकी टीम है।''

गंभीर ने कहा, 'उनका आजाद ख्यालों वाला स्वभाव टी20 क्रिकेट के सार से पूरी तरह मेल खाता है। यह आजादी और खुद को जाहिर करने के बारे में है। सूर्या ने पिछले डेढ़ साल में इस माहौल को शानदार ढंग से बनाए रखा है।' उन्होंने कहा, 'हमारी पहली बातचीत से ही हम सहमत थे कि हमें हारने का डर नहीं होगा। मेरा मकसद सबसे सफल कोच बनना नहीं है। मैं चाहता हूं कि हम सबसे अधिक निडर टीम बनें।'



गंभीर ने माना कि उनके खिलाड़ी निडर टीम बनने की कोशिश में गलतियां कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'एशिया कप फाइनल जैसे बड़े मैच में मैंने खिलाड़ियों से कहा कि कैच छोड़ना, खराब शॉट खेलना या खराब गेंद फेंकना ठीक है। इंसान गलतियां करते हैं। सिर्फ ड्रेसिंग रूम में बैठे लोगों की राय मायने रखती है।' गंभीर ने कहा, 'सूर्यकुमार और मैं हमेशा सहमत होते हैं, हम गलतियों से कभी नहीं डरेंगे। मैच जितना बड़ा होगा हमें उतना ही निडर और आक्रामक होना होगा। संकीर्ण सोच से विरोधी टीम को ही फायदा होता है। हमारे पास जो प्रतिभा है उसे देखते हुए अगर हम निडर होकर खेलेंगे तो हम ठीक रहेंगे।' भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप जीता था।

# टी20 विश्व कप की तैयारियों पर बोले ऑस्ट्रेलियाई कोच, भारत के खिलाफ होगी असली परीक्षा

कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने टी20 विश्व कप 2026 से पहले टीम के नए टी20 टेम्पलेट को लेकर बड़ा बयान दिया है। भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले उन्होंने कहा कि टीम ने पिछले साल की असफलताओं से सबक लेकर अब अपने खेल के स्टाइल में बड़ा बदलाव किया है। ऑस्ट्रेलियाई कोच मैकडॉनल्ड ने कहा, 'हमने महसूस किया कि हमें अपने अप्रोच में बदलाव की ज़रूरत है। हमने दो विश्व कप में सफलता नहीं पाई, इसलिए इस बार हमने सीमाएं लांघने की कोशिश की है। अब हम ज़्यादा आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं।' कोच मैकडॉनल्ड ने आगे कहा, 'आप भारत जैसी टीम के खिलाफ खेल रहे हैं, जो नंबर-1 रैंक टीम है। हमारे लिए यह परफेक्ट टेस्ट है कि क्या हमारा नया स्टाइल इस स्तर पर टिक सकता है।' युवा खिलाड़ियों को मौका देने पर कोच मैकडॉनल्ड ने कहा, 'मिचेल स्टार्क के रिटायर होने और पैट कमिंस के चोटिल होने के बाद अब हमारे पास नई पीढ़ी के तेज़ गेंदबाज़ों को आज़माने का मौका है।'



**भारत का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड-** भारत का ऑस्ट्रेलिया में टी20 प्रदर्शन शानदार रहा है। अब तक खेले गए 12 मुकाबलों में भारत ने 7 जीते, 4 हारे और 1 बिना नतीजे के रहा। पिछली बार विराट कोहली की अगुवाई में भारत ने सीरीज़ 2-1 से जीती थी।

# अर्जुन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी में गोवा की ओर से तीन विकेट लिए



नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी की है। मध्यम तेज गति के गेंदबाज अर्जुन ने कर्नाटक के खिलाफ एलीट बी ग्रुप में तीन विकेट लिए। अर्जुन ने 29 ओवर में 100 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज निकिन जोसे को केवल 3 रनों पर ही आउट कर दिया। अर्जुन ने इसके अलावा कृष्णन श्रीजीत और अभिनव मनोहर को भी आउट किया। अर्जुन के अलावा वासुकी कौशिक ने भी तीन विकेट लिए।

वहीं दूसरी ओर करुण नायर ने कर्नाटक की ओर से शतक लगाकार पारी को संभाला। हाल में ही भारतीय टीम से बाहर किये गये करुण ने 267 गेंद पर नाबाद 174 रन बनाये। उनकी इस बल्लेबाजी से कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए। करुण के अलावा वी विजयकुमार ने भी 31 रन बनाये। दोनो ने मिलकर कर्नाटक की टीम को एक बेहतर स्कोर तक पहुंचाया।

# केकेआर ने सहायक कोच रहे अभिषेक नायर को बनाया मुख्य कोच

कोलकाता। आईपीएल के 2026 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सहायक कोच रहे अभिषेक नायर को टीम का मुख्य कोच बनाया है। नायर लंबे समय से टीम से जुडें है ऐसे में अब उन्हें और भी अधिक जिम्मेदारी देते हुए कोचिंग की कमान दे दी गयी है। नायर की युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के साथ ही टीम की रणनीति को बेहतर बनाने में अहम भूमिका रही है। दिनेश कार्तिक, श्रेयस अय्यर और अन्य युवा भारतीय प्रतिभाओं को भी भी उन्होंने निखारा है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा रहे हैं। अभिषेक ने मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। उनका घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से तीन एकदिवसीय भी खेले हैं। संन्यास के बाद वह कोचिंग में उतरे और उन्होंने कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया है। आईपीएल में उन्हें सहायक कोच के तौर पर काफी लंबा अनुभवह है। अब मुख्य कोच बनने के बाद नायर के सामने केकेआर को फिर से विजेता बनाने को लक्ष्य रहेगा। फैंचाइजी का उम्मीद है कि उनकी आधुनिक क्रिकेट की समझ, रणनीतिक कौशल और खिलाड़ी मनोविज्ञान की समझ टीम का प्रदर्शन बेहतर बना सकती है। केकेआर ने जिस प्रकार से अभिषेक को कोच बनाया है उससे ये साफ होता है कि फैंचाइजी अपने ही लोगों को बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित कर रही है और बाहर से किसी को लाने में भरोसा नहीं रखती है। फैंचाइजी को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभी टीम को मिलेगा और खिलाड़ी नये उत्साह से मैदान में उतरेंगे। उन्होंने हाल में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ उनकी फिटनेस और बल्लेबाजी पर काम किया था। नायर 2018 में केकेआर में शामिल हुए थे, तब वह मुंबई में केकेआर अकादमी के प्रमुख रहे थे। उन्होंने वहां रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे टीम के कई युवा खिलाड़ियों को निखार है। वह बल्लेबाजी कोच के रूप में भी टीम मुख्य कोच रहे चंद्रकांत पंडित के सहायोग स्टाफ में थे। वह गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद भारतीय टीम के सहसोगी स्टाफ में रहे। नायर को इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय टीम द्वारा बर्खास्त कर दिया गया। इस साल की शुरुआत में, नायर को महिला प्रीमियर लीग का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।



# बावुमा की वापसी, दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे के लिए टेस्ट टीम की घोषणा की

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** टेम्बा बावुमा ने अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली दो मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान के तौर पर वापसी की है। बावुमा को सितंबर में इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी बाएं पैर की पिंडली की चोट लगी थी जिससे वह अब उबर चुके हैं।

बावुमा पाकिस्तान दौरे के दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल लेग से बाहर रहेंगे, लेकिन वह प्रोटियाज टेस्ट टीम में फिर से शामिल होने से पहले अपनी तैयारी के हिस्से के तौर पर बेंगलुरु में BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) ग्राउंड में भारत ए के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ए के लिए दूसरे रेड-बॉल गेम में खेलने के लिए तैयार हैं।

बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने जून में लॉर्ड्स में प्रोटियाज को WTC जीत दिलाई थी। पाकिस्तान के खिलाफ 2025-27 साइकिल में दक्षिण अफ्रीका के अभियान की



शुरुआत में नहीं खेल पाए थे, जहां सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। बावुमा के शामिल होने से पाकिस्तान सीरीज से दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग लाइन-अप में एकमात्र बदलाव हुआ है, जिसमें डेविड बेडिंगम को बाहर कर दिया गया है।

बेडिंगम, जिन्होंने 15 टेस्ट खेले हैं और एक शतक और चार अर्धशतक बनाए हैं, उन्हें खराब फॉर्म के कारण बाहर कर दिया गया है, सिवाय बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ उनके 82 रन के। टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस और जुबैर हमजा को बरकरार रखने के साथ चयनकर्ताओं ने मिडिल ऑर्डर में निरंतरता बनाए रखने का विकल्प चुना है। टीम में साइमन हार्मर, केशव महाराज और सेनुरा मुथुसामी सहित तीन फ्रंटलाइन स्पिनर शामिल हैं, जबकि कगिसो रबाडा और ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, मार्को जानसेन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाजी के विकल्प प्रदान करते हैं।

हेड कोच शुक्री कॉनराड ने कहा, 'हमने उस टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा है जिसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में हिस्सा लिया था। उन खिलाड़ियों ने असली चरित्र दिखाया और पीछे से आकर उस सीरीज को ड्रॉ कराने के लिए कड़ी मेहनत की। हम भारत में भी इसी तरह की चुनौती की उम्मीद कर रहे हैं, और उन परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ी एक बार फिर हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ यह एक टीम प्रयास था और भारत में भी यही मांग होगी। हेड कोच शुक्री कॉनराड ने कहा, 'हर खिलाड़ी की यह पक्का करने में भूमिका होती है कि हम हमेशा एक मुश्किल जगह पर टूर करते हुए भी कॉम्पिटिटिव बने रहें।' पहला टेस्ट 14 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच गुवाहाटी में होगा, जहां ACA स्टेडियम 22 नवंबर को अपना पहला टेस्ट मैच होस्ट करेगा।

### साउथ अफ्रीका टेस्ट टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी ज़ोरज़ी, ज़ुबैर हमज़ा, साइमन हार्मर, मार्को जेनसेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, सेनुरा मुथुसामी, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# जैनिक सिनर की धमाकेदार वापसी, लगातार दूसरा वियना खिताब जीता



रोम। इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने रविवार को एक जबरदस्त वापसी करते हुए वियना ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में उन्होंने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 3-6, 6-3, 7-5 से हराया। यह इस सीजन का सिनर का चौथा खिताब और उनके करियर का 22वां टाइटल है। यह जीत सिनर के लिए खास इसलिए भी रही क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई सेट गंवाया, लेकिन फिर शानदार वापसी की। वियना में यह उनका लगातार दूसरा खिताब है, उन्होंने 2023 में भी ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के साथ सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 21 मैच जीतने का रिकॉर्ड कायम रखा है। फाइनल की शुरुआत सिनर के लिए मुश्किल रही, क्योंकि ज़्वेरेव ने पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन सिनर ने हिम्मत नहीं हारी और दूसरे सेट में शानदार टेनिस दिखाते हुए 6-3 से बराबरी की। निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबला चला, जहां सिनर ने 5-5 पर शानदार बैकहैंड विनर लगाकर ब्रेक हासिल किया और फिर सर्विस होल्ड करते हुए खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद सिनर ने कहा, 'शुरुआत मेरे लिए कठिन रही, लेकिन मैंने मानसिक रूप से मजबूत रहने की कोशिश की। तीसरा सेट थोड़ा रोलरकोस्टर जैसा था, लेकिन आखिरकार जीत हासिल करना बहुत खास अहसास है।' 24 वर्षीय सिनर इस सीज़न में अब तक 10 में से 8 टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचे हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और बीजिंग के खिताब भी शामिल हैं। अब उनका अगला पड़ाव पेरिस मास्टर्स 1000 होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अफरीदी का रिकार्ड तोड़ सकते हैं रोहित

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को करारा जवाब देने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज में सबसे अधिक छक्के लगाने का विश्व रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अभी ये रिकार्ड पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट शाहिद अफरीदी के नाम है। अफरीदी ने अपने एकदिवसीय करियर में कुल 351 छक्के लगाए थे, वहीं अब रोहित 349 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। रोहित और अफरीदी के बीच अब केवल 2 छक्कों का ही अंतर रह गया है।

रोहित ने दूसरे एकदिवसीय में अर्धशतक जबकि तीसरे एकदिवसीय में शतक लगाया था। रोहित ने 121 रनों की नाबाद पारी खेलकर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 50वां शतक था। अपनी इस पारी में हिटमैन ने 13 चौके और 3 लंबे छक्के लगाए। इन 3 छक्कों के साथ रोहित शर्मा पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अफरीदी ने अपने एकदिवसीय करियर में कुल 351 छक्के लगाए थे, वहीं अब रोहित 349 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। रोहित शर्मा और शाहिद अफरीदी के बीच अब केवल 2 छक्कों का ही अंतर रह गया है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में रोहित शर्मा के पास सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है। एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के के मामले में तीसरे नंबर है वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं। उनके नाम 331 छक्के हैं। वहीं श्रीलंका के सनथ जयसूर्या के नाम 270 और महेन्द्र सिंह धोनी के नाम 229 छक्के हैं।



# हीरो हॉकी महिला लीग 28 दिसंबर, पुरुष लीग 3 जनवरी से शुरु होगी

रांची। हीरो हॉकी इंडिया लीग ने 2025-26 सत्र के लिए पुरुष और महिला टीमों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। महिला लीग 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में होगी जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, पिछले सत्र की सफलता के बाद हमें इस बार और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हमने पुरुष लीग को तीन शहरों में रखा है जिससे अधिक से अधिक प्रशंसक इस विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले पायें।' वहीं हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। ऐसे में आगामी सत्र अब तक का सबसे बेहतर सत्र होगा। इस कार्यक्रम के दौरान रांची रॉयल्स का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया। ये लोगो टीम की जीवंत भावना और झारखंड की समृद्ध हॉकी विरासत के साथ मजबूत संबंध को दिखाता है।

**महिला लीग-** 28 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक रांची में होने वाली महिला लीग में कुल 13 मैच खेले जाएंगे। इसमें शामिल चार टीमों रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के बीच डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में मुकाबले होंगे। वहीं अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच 10 जनवरी को फाइनल होगा। इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और ग्रेट ब्रिटेन जैसे 10 से अधिक देशों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।

**पुरुष लीग-** 3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक चलेगी। पहला चरण चेन्नई में, दूसरा रांची में और तीसरा भुवनेश्वर में होगा। पुरुष लीग में आठ टीमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान, जीएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स (वर्तमान चैंपियन), वेदांता कलिंग लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हिस्सा लेंगी। पुरुष लीग में 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे शीर्ष हॉकी राष्ट्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी टीमें सिंगल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से खेलेंगी।

# एक-दूसरे से भिड़े खिलाड़ी, रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना के खिलाफ हार का सिलसिला तोड़ा

**मैड्रिड (एजेंसी)।** रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के एक मैच में बार्सिलोना को 2-1 से हराकर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले कुछ समय से चला आ रहा हार का सिलसिला तोड़ दिया। इस मैच के बाद हालांकि दोनों टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे से भिड़ गए।

ला लीगा के वर्तमान सत्र में यह पहला अवसर था जबकि दोनों टीम एक दूसरे के आमने-सामने थी। काइलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने रविवार को जीत हासिल की जिससे इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसका चार मैचों से चला आ रहा हार का सिलसिला टूट गया। इस जीत से 10 राउंड के बाद रियाल मैड्रिड की बार्सिलोना पर लीग में बढ़त पांच अंक की हो गई।

बार्सिलोना के पेड्री को अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले मैदान से बाहर भेजे जाने के बाद दोनों टीमों के बेंच पर मौजूद खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हो गई। यह विवाद मैच खत्म होने के बाद भी जारी रहा, जिसमें मैड्रिड के फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर और बार्सिलोना के स्टार फॉरवर्ड लामिन यामल भी शामिल थे। विनिसियस और यामल के बीच मैच के दौरान भी कई बार बहस हुई। विनिसियस ने यामल की ओर इशारा किया कि बार्सिलोना का यह स्टार बहुत ज़्यादा बोल रहा है।

मैच के बाद यामल और मैड्रिड के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस और डिफेंडर दानी कार्वाजल के बीच भी बहस हो गई। मैच के बाद हुई झड़प के बाद मैड्रिड के रिजर्व गोलकीपर एंड्री लुनिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया तथा विनिसियस उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें पीला कार्ड दिखाया गया। दूसरे हाफ में पेनल्टी किक को गोल में बदलने में नाकाम रहे फ्रांस के फ़ॉरवर्ड एमबाप्पे ने 22वें मिनट में मैड्रिड को बढ़त दिला दी।

बार्सिलोना ने 38वें मिनट में फर्मिन लोपेज़ के गोल से बराबरी कर ली। बेलिंगहैम ने 43वें मिनट में विजयी गोल दागा। इसके बाद 52वें मिनट में बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्ज़ेसनी ने एमबाप्पे की पेनल्टी किक बचा ली। मैड्रिड ने इस सत्र में अपने 13 मैचों में से 12 में जीत हासिल की है। यह बार्सिलोना की सभी प्रतियोगिताओं में सत्र की तीसरी हार है।



# सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**सोना 1,23,400 रुपए प्र ति 10 ग्राम, चांदी लगभग 1,46,500 रुपए**

**नई दिल्ली**

सोने-चांदी के वायदा भाव में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव आज गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,23,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,46,500 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 951 रुपए की गिरावट के साथ 1,22,500 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,23,451 रुपये था। इस समय यह 1,051 रुपये की गिरावट के साथ 1,22,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,22,536 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,22,309 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 4,560 रुपये की गिरावट के साथ 1,42,910 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,47,470 रुपए था। इस समय यह 954 रुपए की गिरावट के साथ 1,46,516 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,46,728 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,42,910 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।




वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 4,103.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,137.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 45.70 डॉलर की गिरावट के साथ 4,092.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

# जापान में पहली इलेक्ट्रिक केई कार पेश करेगी बीवायडी




**नई दिल्ली**

बीवायडी कंपनी ने जापान में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पहली इलेक्ट्रिक केई कार पेश करने की घोषणा की है।

अब तक जापान के बाजार में यह सेगमेंट स्थानीय ब्रांडों जैसे सुजुकी, होंडा और मित्सुबिशी के कब्जे में रहा है। यह मॉडल जापान में लॉन्च होने वाली पहली विदेशी निर्मित इलेक्ट्रिक केई कार होगी, जिससे बीवायडी ने इतिहास रच दिया है।

बीवायडी की यह केई कार जापान में देखी जाने वाली पारंपरिक केई कारों की खूबियों से मेल खाती है। जासूसी तस्वीरों में इसका लंबा और बॉक्सी डिजाइन दिखा है, जो स्पेस के अधिकतम उपयोग पर केंद्रित है। कार के फ्रंट में आयताकार लाइटिंग एलिमेंट, सपाट फेसिया और छोटा बोनट दिया गया है।

साइड प्रोफाइल में सपाट छत, डबल ए-पिलर, चौकोर खिड़कियां और गोल व्हील आर्च इसे व्यावहारिक और कॉम्पैक्ट लुक देते हैं।

स्लाइडिंग डोर सिस्टम आसान एंट्री और बड़े सामान के लोडिंग में मदद करेगा। पीछे की तरफ सपाट विंडशील्ड, ऊपर की ओर वाइपर और चौड़ा बूट लिड दिया गया है, जिससे स्टोरेज स्पेस बढ़ाया जा सके।

इसमें पीछे की सीटें फोल्ड होकर बड़ा लगेज एरिया बनाती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस केई कार में 20 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी जाएगी, जो डब्ल्यूएलटीसी मानकों के अनुसार लगभग 180 किमी की रेंज देगी।

साथ ही, यह 100 केडब्ल्यू फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी और केबिन कम्फर्ट के लिए हीट पंप सिस्टम से लैस होगी। बीवायडी की यह केई कार जापान में कॉम्पटीटिव प्राइस रेंज में उतारी जाएगी, जिसकी शुरुआती कीमत करीब 2.5 मिलियन येन (लगभग 14.4 लाख रुपये) हो सकती है। यह कीमत निसान सकुरा और मित्सुबिशी ईके एक्स ईवी जैसी स्थानीय इलेक्ट्रिक केई कारों से कम है।

# एच-1बी वीजा शुल्क पर ट्रंप प्रशासन को झटका! वाणिज्य मंडल ने किया कोर्ट का रूखवीएस स्कूटी पेप प्लस

**नई दिल्ली**




एच-1बी वीजा कार्यक्रम के तहत .100,000 के नए शुल्क को अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने अदालत में चुनौती दी है, जिसे ट्रंप प्रशासन ने स्थानीय रोजगार संरक्षण के लिए लागू किया था। मंडल का दावा है कि यह नया नियम गैरकानूनी है और उच्च-कुशल विदेशी प्रतिभा पर निर्भर छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों को गंभीर रूप से बाधित करेगा, जिसका अमेरिका में तकनीकी क्षेत्र और रोजगार परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन द्वारा एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के शुल्क के खिलाफ न्यायालय में चुनौती दी है। बता दें कि नए फीस को लागू करने का उद्देश्य अमेरिकी नियोक्ताओं द्वारा स्थानीय कर्मचारियों की जगह सस्ती विदेशी प्रतिभा का उपयोग रोकना बताया गया था।

मौजूदा जानकारी के अनुसार, वाणिज्य मंडल का कहना है कि यह नया शुल्क अप्रभावी और गैरकानूनी है क्योंकि यह एच-1बी कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले इमिग्रेशन और नेशनलिटी एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। मंडल ने बताया कि कानून के तहत वीजा शुल्क केवल उस लागत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है जो सरकार वीजा प्रक्रिया में खर्च करती है।

गौरतलब है कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम उच्च कौशल वाले पदों के लिए बनाया गया है, जिनके लिए स्थानीय प्रतिभा ढूंढना मुश्किल होता है। अमेरिकी वाणिज्य मंडल के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य नीति अधिकारी नील ब्रैडली ने कहा कि नया शुल्क छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों और स्टार्ट-अप्स के लिए इसे महंगा और व्यवहारिक रूप से कठिन बना देगा।

बता दें कि यह नया शुल्क एक वर्ष के लिए लागू किया गया है, लेकिन अमेरिकी सरकार इसे बढ़ाने का अधिकार रखती है। जानकारों का मानना है कि इस कदम से अमेरिकी कंपनियों के लिए वैश्विक प्रतिभा तक पहुंच सीमित हो सकती है और एच-1बी कार्यक्रम की मूल उद्देश्य पर असर पड़ सकता है हैं।

# टाटा ट्रस्ट में जो हो रहा है उसे देखकर दर्द होता है: नो शिर सूनावाला

**रतन टाटा के करीबी रहे सूनावाला ने उम्मीद जताई कि आपसी मतभेद जल्द सुलझ जाएंगे**

**नई दिल्ली**

टाटा ट्रस्ट्स के ट्रस्टीज के बीच बढ़ते मतभेदों ने टाटा समूह को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। समूह के पुराने दिग्गज और रतन टाटा के करीबी नोशिर सूनावाला ने इस विवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि टाटा समूह में जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर दर्द होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रस्टी आपस में बातचीत से अपने मतभेद दूर करेंगे। सूनावाला वर्ष 1968 में टाटा समूह से जुड़े थे और उन्होंने 2010 में सेवानिवृत्ति ली। समूह के इतिहास में वे कई महत्वपूर्ण वित्तीय अभियानों के सूत्रधार रहे, जिनमें 1995 का 300 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू भी शामिल है, जिसने टाटा कंपनियों को टाटा संस में हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी थी। 2019 में उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स से भी इस्तीफ़ा दे दिया था। रतन टाटा के निधन 9 अक्टूबर 2024 के बाद टाटा ट्रस्ट्स की 11 और 17 अक्टूबर को हुई बैठकों में कई अहम निर्णय लिए गए। 11 अक्टूबर को ट्रस्टी मेहली मिस्त्री की अध्यक्षता में नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नियुक्त किया गया। वहीं 17 अक्टूबर की बैठक में उन्हें टाटा संस के बोर्ड में ट्रस्ट्स के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।




इन बैठकों में सूनावाला को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जो नोएल टाटा से उनकी निकटता को दर्शाता है।

# शुल्क में कटौती पर सहमति, रूस से तेल खरीद पर दिल्ली का कड़ा रुख

**नई दिल्ली**

इस सप्ताह भारत के व्यापार प्रतिनिधि वॉशिंगटन में मौजूद हैं ताकि भारत-अमेरिका के लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके।

बता दें कि इस बातचीत में तीन प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। पहला, "बैकचैनल" वार्ता लगातार जारी रही है और रक्षा तथा रणनीतिक संबंध सामान्य बने हुए हैं, जिससे व्यापारिक रुकावट का असर रणनीतिक साझेदारी पर नहीं पड़ेगा। यदि वार्ता सफल रहती है, तो अमेरिका द्वारा लगाए गए कुल 50त्न शुल्क को काफी कम किया जा सकता है। दूसरा, भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि कुछ मामलों में कोई समझौता नहीं होगा, भले ही इसके लिए कीमत चुकानी पड़े। नई दिल्ली अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने पर जोर दे रही है और रूस जैसे समय-परीक्षित साझेदार के साथ व्यापार पर कोई समझौता नहीं करेगी। तीसरा, रूस से तेल की वर्तमान खरीद में आर्थिक लाभ पहले जितना नहीं है क्योंकि कीमतें लगभग 65 डॉलर प्रति बैरल हैं। निजी कंपनियां जैसे रिलायंस और नयारा एनर्जी अभी भी रूस से तेल खरीद रही हैं और अमेरिकी पक्ष ने उनके साथ अलग वार्ता शुरू की है। गौरतलब है कि भारत का मानना है कि रूस से तेल खरीद पर पूरी तरह रोक लगाना उसकी संप्रभुता में हस्तक्षेप होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि मोदी ने उन्हें रूस से तेल खरीद बंद करने की बात कही, जिसे विदेश मंत्रालय ने खारिज किया।

मौजूदा जानकारी के अनुसार, चीन की नई खनिज निर्यात नीतियां भी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के हालिया संपर्क और नए अमेरिकी राजदूत का दौरा वार्ता में नई गति लाया है।

## एनबीएफसी के उच्च स्तर का बढ़ेगा दायरा

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कुछ अन्य गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को उच्च स्तरीय एनबीएफसी की श्रेणी में डाल सकता है। इस श्रेणी में शामिल गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अपेक्षाकृत सख्त नियामकीय आवश्यकताओं का पालन करना होता है। एनबीएफसी का आकार बढ़ने और वित्तीय क्षेत्र में पहुंच के विस्तार को देखते हुए बैंकिंग नियामक इस तरह का कदम उठा सकता है। वर्ष 2024-25 की सूची में बजाज फाइनैंस, टाटा कैपिटल, महिंद्रा फाइनैंस, श्रीराम फाइनैंस आदि के साथ आरबीआई द्वारा निर्धारित अपर लेयर यानी उच्च स्तरीय श्रेणी में 15 एनबीएफसी हैं। सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ एनबीएफसी, जिनका लोन बुक 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है वह उच्च स्तरीय श्रेणी में आ सकती हैं। इनकी संख्या भले ही कम है मगर इनका एनबीएफसी क्षेत्र की कुल परिसंपत्तियों में अच्छा-खासा हिस्सा है। इसके अलावा बड़े औद्योगिक समूहों की एनबीएफसी, बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी विदेशी वित्तीय घराने की भारतीय सहायक कंपनियों, अन्य बड़ी एनबीएफसी की आवास वित्त इकाई के भी उच्च स्तरीय एनबीएफसी के दायरे में लाए जाने की संभावना है।

## भारत बनेगा खिलौनों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र

**13,000 करोड़ रुपये की नई योजना पर काम शुरू**

**नई दिल्ली** भारत सरकार देश को खिलौनों के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए लगभग 13,000 करोड़ रुपये की नई योजना पर काम कर रही है। इस योजना का मसौदा उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, चीन और वियतनाम जैसे देशों पर निर्भरता घटाना तथा उत्पादन लागत को प्रतिस्पर्धी स्तर पर लाना है। जानकारी के अनुसार, यदि केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल जाती है, तो खिलौना निर्माण में लगी इकाइयों और निर्दिष्ट कच्चे माल के लिए लक्षित वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को रियायती सीमा शुल्क का लाभ मिल सकेगा। हालांकि पात्रता के लिए वृद्धिशील निवेश, बिक्री सीमा, घरेलू मूल्य संवर्द्धन और निर्यात मानदंड जैसी शर्तें पूरी करनी होंगी।

## रुपया 12 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर पर

**रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.83 पर बंद हुआ था**

**मुंबई** कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी संभावित अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के कारण आई है जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की मांग में मजबूती की उम्मीद को बल मिलता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.87 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 87.95 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.83 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.91 पर आ गया।

## सीमेंट के दाम में आई गिरावट

**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में सीमेंट की मांग कम रही क्योंकि त्योहारों के समय कामकाज धीमा हो गया था। साथ ही, कई जगह मजदूरों की कमी थी और कुछ राज्यों में चुनाव चल रहे थे, जिससे काम रुक गया। कारोबारियों का कहना है कि नवंबर के बीच से जब मजदूर वापस आएंगे और ठंड के मौसम में काम बढ़ेगा, तब सीमेंट की मांग फिर से बढ़ेगी। साल 2025 की दूसरी तिमाही में देशभर में सीमेंट की औसत कीमत लगभग एक प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा घट गई। दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में दाम कम हुए, जबकि उत्तर और मध्य भारत में कीमतें लगभग पहले जैसी रहीं। अक्टूबर में भी सितंबर के मुकाबले करीब आधा प्रतिशत की कमी आई है। यह गिरावट ज्यादातर दक्षिण और पूर्वी इलाकों में देखी गई है। कारोबारियों का कहना है कि अभी सीमेंट के दाम बढ़ने की कोई संभावना नहीं है। कंपनियां जनवरी 2026 के बाद ही कीमतें बढ़ाने पर सोच सकती हैं।

## लेंसकार्ट का 7,278 करोड़ का आईपीओ लॉन्च

**नई दिल्ली** सकार्ट सॉल्यूशंस ने 382-402 रुपए प्रति शेयर के मूल्य दायरे के साथ 7,278 करोड़ के आईपीओ की घोषणा की। आईपीओ 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खुलेगा, जबकि एंकर निवेशक 30 अक्टूबर को बोली लगा सकेंगे। कंपनी नए शेयरों से 2,150 करोड़ जुटाएगी और प्रमोटर व निवेशक 13.22 करोड़ शेयर बेचेंगे। 2008 में स्थापित लेंसकार्ट ने 2010 में ऑनलाइन मंच शुरू किया और 2013 में दिल्ली में पहला स्टोर खोला। यह देश में प्रमुख आईवियर ब्रांड बन गया है।

## स्टड्स एक्सेसरीज का455 करोड़ का आईपीओ 30 अक्टूबर से

**नई दिल्ली** स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड ने अपने 455 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए 557-585 प्रति शेयर मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 30 अक्टूबर से खुलकर 3 नवंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 29 अक्टूबर को बोली लगा सकेंगे। इस आईपीओ में कोई नया निर्गम नहीं है, केवल प्रवर्तक समूह और अन्य शेयरधारक 77.86 लाख शेयर बेचेंगे। कंपनी 'स्टड्स' और 'एसएमके' ब्रांड के तहत दोपहिया हेलमेट का निर्माण और बिक्री करती है। इसकी स्थापना 1975 में हुई थी।

## एमसीएक्स ने सोना-चांदी सूचकांक 'बुलडेक्स' पर विकल्प अनुबंध शुरू किए

**नई दिल्ली** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) ने सोमवार से अपने सोने और चांदी के सूचकांक एमसीएक्स बुलडेक्स पर मासिक विकल्प अनुबंध शुरू करने की घोषणा की।




इसका उद्देश्य निवेशकों और संस्थानों को कीमती धातु खंड में विविध और सुरक्षित निवेश विकल्प उपलब्ध कराना है। विकल्प एक वित्तीय व्युत्पन्न अनुबंध है, जो खरीदार को किसी संपत्ति को पूर्व निर्धारित कीमत (स्ट्राइक प्राइस) पर किसी निश्चित तिथि या उससे पहले खरीदने या बेचने का अधिकार देता है। इसमें खरीदार को बाध्यता नहीं होती, बल्कि वह जोखिम से बचाव (हेजिंग)के लिए इसका उपयोग कर सकता है। एमसीएक्स के अनुसार, 'बुलडेक्स' विकल्प निवेशकों को लागत प्रभावी तरीके से सोना-चांदी में निवेश करने और बाजार में उतार-चढ़ाव से अपनी स्थिति को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। यह उत्पाद विशेष रूप से विविध निवेश और हेजिंग दोनों आवश्यकताओं को पूरा करता है। एमसीएक्स की एक प्रमुख अे धिकारी ने बताया कि यह कदम भारत के जिंस बाजार में महत्वपूर्ण विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह एक अनूठा और अभिनव उत्पाद है, जो जिंस वायदा-विकल्प उत्पादों की श्रृंखला को बढ़ाएगा और निवेशकों को संतुलित एक्सपोजर प्रदान करेगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 566 अंक, निफ्टी 170 अंक उछला**

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक की संभावना बढ़ने से भी निवेशकों में उत्साह देखा गया जिससे भी बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 566.96 अंक बढ़कर 84,778.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 170.90 अंक उछलकर 25,966.05 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ-साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 548.95 अंक बढ़कर 59,780.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 149.70 अंक ऊपर आकर 18,403.05 पर बंद हुआ। आज आईटी, पीएसयू बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटीज और पीएसई लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। वहीं फार्मा, मीडिया और हेल्थकेयर को शेयरों में गिरावट रही सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, ), एसबीआई, टीसीएस टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईटीसी, मारुति सुजुकी एनटीपीसी और एचसीएल टेक सबसे अधिक लाभ में रहे थे जबकि कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, सन फार्मा और एचयूएल के शेयर नीचे आये। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसन के इस बयान के बाद कि वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है कि चीन से आने वाले सामान पर 100 फीसदी तक की प्रस्तावित टैरिफ फिलहाल नहीं लगाई जाएगी बाजार में उत्साह है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 239 अंक की बढ़त के साथ 84,450 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 79 अंक चढ़कर 25,874 पर पहुंच गया। ब्रॉडर मार्केट में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.46 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.23 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जिनमें रियल्टी शेयरों ने सबसे अधिक एक फीसदी की बढ़त के साथ बढ़त में नेतृत्व किया। वहीं जापान का इंडेक्स सोमवार को पहली बार 50,000 के स्तर के पार गया और 2 फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की। एशिया के अन्य बाजारों की बात करें तो । कोरियाई कोस्पी 1.99 फीसदी उछला और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.49 फीसदी बढ़ा। बाजार की इस तेजी के पीछे अमेरिकी और चीनी वार्ता में प्रगति की उम्मीद और वाल स्ट्रीट के रिकॉर्ड स्तर पर बंद होने का असर रहा। अमेरिका में प्रमुख इंडेक्स शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। डाओ जोंस 47,000 के पार गया।




# वाशिंगटन पोस्ट रिपोर्ट ने अदानी ग्रुप पर उठाये सवाल, मचा बवाल तो एलआईसी ने दिया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली**

एलआईसी ने स्पष्ट किया है कि कोई भी ऐसा दस्तावेज या योजना कभी तैयार नहीं की गई थी, जो अडानी समूह में फंड डालने का रोडमैप तैयार करती। एलआईसी का यह भी कहना है कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य उसके निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने और भारतीय वित्तीय संस्थाओं की साख को नुकसान पहुँचाने का प्रतीत होता है।

अमेरिकी समाचार पत्र द वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने भारतीय वित्तीय दुनिया में हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारतीय अधिकारी लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (एलआईसी) से लगभग 3.9 अरब डॉलर (करीब 32,000 करोड़ रुपये) अडानी समूह की कंपनियों में निवेश करने के लिए प्रस्तावित कर रहे थे। हालांकि एलआईसी ने इसे "भ्रामक, निराधार और सत्य से कोसों दूर" करार देते हुए पूरी तरह से खारिज कर दिया है। एलआईसी का कहना है कि उसके निवेश निर्णय स्वतंत्र और बोर्ड-स्वीकृत नीतियों के अनुसार ही किए जाते हैं और किसी भी सरकारी दबाव या बाहरी प्रभाव का इसमें कोई स्थान नहीं है। एलआईसी ने स्पष्ट किया है कि कोई भी ऐसा दस्तावेज या योजना कभी तैयार नहीं की गई थी, जो अडानी समूह में फंड डालने का रोडमैप तैयार करती। एलआईसी का यह भी कहना है कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य उसके निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने और भारतीय वित्तीय संस्थाओं की साख को नुकसान पहुँचाने का प्रतीत होता है। वास्तव में एलआईसी और अन्य सरकारी निकाय निवेश करते समय उच्चतम स्तर की जांच-पड़ताल, कानूनों और नियामक दिशानिर्देशों का पालन करते हैं और हमेशा पॉलिसीधारकों और शेयरधारकों के हितों को सर्वोपरि रखते हैं।




## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने वर्ली में लॉन्च की 'गोदरेज ट्रिलॉजी' परियोजना

**राजस्व 10,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद**

**नई दिल्ली** मुंबई के वर्ली में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने अपनी नई आवासीय परियोजना 'गोदरेज ट्रिलॉजी' के लिए महारेरा से पंजीकरण प्राप्त किया। यह 2.63 एकड़ में फैली परियोजना तीन टावरों में विकसित होगी। पहले चरण में दो टावर 'सीटर्फ' और 'सीफ्रंट' चालू तिमाही में लॉन्च किए जाएंगे। इस चरण में करीब 11 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र शामिल है। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित सकल राजस्व क्षमता 10,000 करोड़ रुपए से अधिक है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के सीईओ गौरव पांडे के अनुसार, यह परियोजना दक्षिण मुंबई में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करती है और उच्च क्षमता वाले शहरी भूखंडों के अधिग्रहण एवं विकास की रणनीति के अनुरूप है। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in



# मैं एक्टिंग के बारे में... कैमरे पर भी दिखेंगे आर्यन?



क्या शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक्टिंग की दुनिया में कदम रखेंगे? इसको लेकर रजत बेदी ने एक खुलासा किया है। रजत ने आर्यन की वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में जरज सक्सेना का किरदार निभाया है। उन्होंने बताया कि आर्यन ने एक्टिंग के बारे में उनसे क्या कहा था। रजत बेदी का खुलासा, आर्यन खान ने एक्टिंग डेब्यू को लेकर कही थी ये बात शाहरुख खान कई दशक से बॉलीवुड पर राज कर रहे हैं। पर उनके बेटे आर्यन खान ने अलग रास्ता चुना। कैमरे के पीछे। भले ही उन्होंने अपनी वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड से तहलका मचा दिया। पर फैंस को अभी भी उस पल का इंतजार है, जब वो कैमरे के सामने एक्टिंग करते हुए नजर आएंगे। अपने पापा के नक्शेकदम पर चलते हुए। अब रजत बेदी ने इसको लेकर एक खुलासा किया है। आर्यन खान ने द बैड्स ऑफ बॉलीवुड से राइटर और निर्देशक के तौर पर अपनी शुरुआत की। शो के प्रीमियर से पहले अनाउंसमेंट टीजर में आर्यन की स्क्रीन प्रेसेंस ने दिल जीत लिया था। उनकी पर्सनैलिटी और स्माइल की लोग तारीफ करते नहीं थक रहे थे। पर उन्हें पर्दे पर देखने की ख्वाहिश अभी पूरी नहीं हो पाई है। रजत ने आर्यन के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे 27 साल के आर्यन की स्पष्टता और आत्मविश्वास से वो प्रभावित हुए थे।

### बाद में एक्टिंग का सोचूंगा

रजत ने कहा, पहले ही दिन उन्होंने मुझसे कहा, सर, मैंने कुछ लिखा है और मैं इसे निर्देशित करने जा रहा हूं। मैंने उनसे पूछा, क्या आप निर्देशन करने जा रहे हैं? मैंने कहा, बेटा, पूरी दुनिया कैमरे के सामने तुम्हारा इंतजार कर रही है! तुम इसके पीछे क्या कर रहे हो? इस पर आर्यन ने शांति और सहजता से कहा, नहीं सर, मेरे पिता जिस मुकाम पर पहुंच गए हैं, तुलनाएं, उम्मीदें और ये सब... लेकिन शायद बाद में मैं एक्टिंग के बारे में सोचूंगा। अभी नहीं।



# दीपिका ने की प्रभास की 'स्पिरिट' के टीजर की तारीफ

## फिल्म का हिस्सा न होने पर जताया दुख?

प्रभास के जन्मदिन के मौके पर उनकी आगामी फिल्म 'स्पिरिट' का ऑडियो टीजर जारी किया गया। इसके जारी होते ही इसको लेकर विवाद भी शुरू हो गया। विवाद की वजह टीजर में प्रभास को इंडिया का सबसे बड़ा सुपरस्टार बताना है। अब इस ऑडियो टीजर के सामने आने के बाद दीपिका पादुकोण भी चर्चा में हैं। वजह है दीपिका के फिल्म के टीजर पर प्रतिक्रिया देना। दरअसल, दीपिका पादुकोण के नाम से एक ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल है।

एक्स पर दीपिका पादुकोण फैन गर्ल के नाम से एक अकाउंट से 'स्पिरिट' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की एक पोस्ट को री-शेयर किया गया है। इस पोस्ट में 'स्पिरिट' के टीजर को जारी किया गया है। इसको शेयर करते हुए दीपिका के फैन पेज ने कैप्शन में लिखा है, 'मैं दुखी हूं, लेकिन वीडियो शानदार है संदीर रेड्डी। प्रभास सर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' इस ट्वीट के सामने आने के बाद ऐसी चर्चाएं होने लगीं कि दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म के टीजर पर प्रतिक्रिया दी है और वो इसका हिस्सा न होने पर दुखी हैं। हालांकि, ये प्रतिक्रिया दीपिका पादुकोण के फैन गर्ल नाम के अकाउंट से की गई है। ये एक फैन पेज है।

### तृप्ति डिमरी ने ली फिल्म में दीपिका की जगह



संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'स्पिरिट' में प्रभास के साथ पहले दीपिका पादुकोण फिल्म का हिस्सा थीं। हालांकि, बाद में दीपिका फिल्म से अलग हो गईं। अब उनकी जगह तृप्ति डिमरी प्रमुख भूमिका में फिल्म में शामिल हुई हैं। इसके अलावा विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। दीपिका के फिल्म से बाहर होने का कारण उनकी आठ घंटे काम करने की मांग और फीस को बताया जा रहा है। जिसके चलते दीपिका और मेकर्स के बीच तनाव पैदा हो गया और अंत में दीपिका फिल्म का हिस्सा नहीं रहीं। इसके बाद संदीप रेड्डी वांगा ने दीपिका पर इशारों-इशारों में निशाना भी साधा था। ऐसे में अब ऑडियो टीजर सामने आने के बाद दीपिका ट्रोलर्स के भी निशाने पर हैं।

# गांधारी से नेटफ्लिक्स पर वापसी करेंगी तापसी

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर खबर आ रही थी कि वो भारत छोड़कर पति के साथ डेनमार्क में शिफ्ट हो गई हैं। कहा जा रहा था कि उन्होंने भारत छोड़कर अपने पति और बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के साथ डेनमार्क में स्थायी रूप से बसने का फैसला कर लिया है। लेकिन अब खुद तापसी ने इन खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है।

तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साफ किया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- क्या इससे कम झूठी और कम सनसनीखेज हेडलाइन नहीं मिल सकती थी? जरा रिसर्च कर लिया करो, इतनी जल्दी क्या है! तापसी ने फेक रूमर्स फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया और फैंस को बताया कि वो मुंबई में हैं। काम के मोर्चे पर तापसी जल्द ही 'गांधारी' में दिखाई देंगी, जो एक इंटेंस रिवेंज ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन देवाशीष मखीजा कर रहे हैं और इसे कनिका ढिल्लों की कथा पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी और इसमें तापसी का अब तक का सबसे गहरा और भावनात्मक किरदार बताया जा रहा है। इससे पहले उन्हें 'खेल खेल में' में देखा गया था, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, वाणी कपूर, अमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जायसवाल और फर्दीन खान नजर आए थे।



# परेश रावल ने अच्छी स्क्रिप्ट के बावजूद ठुकराई अजय देवगन की फिल्म

बॉलीवुड एक्टर परेश रावल इस साल हेरा फेरी 3 के कारण सुर्खियों में छाए रहे। उन्होंने पहले इस मूवी को छोड़ दिया था और फिर जब खूब बवाल हुआ। विवाद हुआ तो इससे दोबारा जुड़ गए। अब खबर है कि वह अजय देवगन की दृश्यम 3 में भी शामिल होने वाले थे लेकिन उन्होंने इसे करने से मना कर दिया। एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया है और बताया कि उनको मजा नहीं आया। परेश रावल ने खुलासा किया है कि उन्हें दृश्यम 3 में एक अहम भूमिका निभाने के लिए अप्रोच किया गया था। लेकिन उन्होंने फिल्म में रोल करने से मना कर दिया था। एक्टर ने बताया, हां मेकर्स ने मुझसे संपर्क किया था। लेकिन मुझे नहीं लगा कि वो रोल मेरे लिए सही है। मजा नहीं आया। परेश रावल ने कहा, लेकिन स्क्रिप्ट अच्छी है। मैं वाकई इम्प्रेस हुआ। लेकिन एक अच्छी स्क्रिप्ट में भी आपको एक एसे रोल की जरूरत होती है, जिसे लेकर आप एक्साइटेड हों। वरना मजा नहीं आएगा। एक्टर ने हेरा फेरी 3 को लेकर भी काफी कुछ कहा था। वह बाबू राव का किरदार नहीं निभाना चाहते थे। लेकिन बाद में वह राजी हो गए थे। अब वह थामा में नजर आए थे। जिसमें आयुष्मान खुराना, रशिमका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम किरदार में थे।





# निर्देशक अमर कौशिक ने किया खुलासा, कब शुरू होगी विक्की कौशल की महावतार की शूटिंग?

स्त्री, भेड़िया स्त्री 2 और बाला जैसी फिल्मों के निर्देशक अमर कौशिक अपनी अगली अपकमिंग फिल्म महावतार को लेकर सुर्खियों में हैं। वह यह फिल्म विक्की कौशल के साथ बना रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि महावतार एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह एक ऐसी कहानी है जिस पर वह काम करना चाहते थे। निर्देशक अमर कौशिक ने कहा कि महावतार की तैयारी चल रही है और टीम ड्रेस और सेट पर काम कर रही है। वह अगले साल फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

### फिल्म बनाना बड़ी जिम्मेदारी है

अमर कौशिक ने एक इंटरव्यू में कहा, यह फिल्म मेरे करियर में मेरे लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह ईश्वर की ओर से मिली है क्योंकि यह किरदार बचपन से मेरे साथ रहा है। हम अरुणाचल प्रदेश में परशुराम कुंड के पास रहते थे और हम वहां जाया करते थे। हमारे घर में यही रस्म थी... जब भी मैं वहां जाता था, मैं बहुत मंत्रमुग्ध हो जाता था।

### अमर कौशिक की अगली फिल्म

निर्माता के रूप में फिल्म निर्माता की अगली फिल्म शक्ति शालिनी है, जो मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म है। इस बैनर तले स्त्री, भेड़िया, स्त्री 2, मुंज्या और थामा जैसी फिल्में रिलीज हुई हैं। सैयारा स्टार अनीत पड्डा शक्ति शालिनी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

### विक्की के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं निर्देशक



कौशिक ने कहा मुझे नहीं पता था कि इसे कैसे बनाया जाए क्योंकि इसके लिए पैसे और वीएफएक्स की जरूरत थी। मैं यह भी सुनिश्चित करना चाहता था कि यह मेरे मन में बने विजन के अनुरूप हो। मैं विक्की के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। जब भी मैं उनसे मिलता हूं, मुझे उनमें बहुत पवित्रता दिखाई देती है। वह इस किरदार को निभाने के लिए सबसे उपयुक्त अभिनेता हैं। हम इसकी शूटिंग अगले साल करेंगे, हम विक्की के आने का इंतजार कर रहे हैं। फिर, वह इसकी तैयारी करेंगे।



# तेलुगु में डेब्यू करने जा रहे दिग्गज अभिनेता शिवा राजकुमार

**दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता शिवा राजकुमार अब एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो सिर्फ सिनेमा नहीं बल्कि समाज और राजनीति से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। कन्नड़ फिल्मों के इस सुपरस्टार ने अब अपने करियर का नया अध्याय शुरू किया है- तेलुगु सिनेमा में बतौर लीड डेब्यू। वह जल्द ही पांच बार के विधायक और जनता के नेता गुम्मादि नरसैया के जीवन पर आधारित बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं।**

### जनता के बीच से निकला जननेता

तेलंगाना के येल्लंदु क्षेत्र से आने वाले गुम्मादि नरसैया का नाम उस दौर में भी लोगों की जुबान पर था जब राजनीति का मतलब सेवा हुआ करता था, सत्ता नहीं। वह कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्टङ्कलेनिनिस्ट) से पांच बार विधायक रहे, लेकिन सादगी और ईमानदारी की मिसाल बने रहे। साइकिल पर विधानसभा पहुंचने वाले इस नेता ने कभी लाल बत्ती की कार का मोह नहीं किया। गरीबों और आदिवासियों के हक की आवाज उठाने वाले नरसैया ने ज़मीनी स्तर पर वह काम किया जिसे आज की राजनीति शायद भूल चुकी है। यही कारण है कि उनका जीवन अब बड़े परदे पर लाया जा रहा है।

### शिवा राजकुमार निभाएंगे किरदार

शिवा राजकुमार, जिन्हें दक्षिण में 'करुणाडा चक्रवर्ती' कहा जाता है, इस बायोपिक में नरसैया का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्माण प्रवल्लिका आर्ट्स क्रिएशंस के बैनर तले हो रहा है और निर्देशन की कमान संभाली है नए निर्देशक परमेश्वर हिवराले ने। फिल्म की घोषणा एक भावनात्मक पोस्टर के साथ की गई, जिसमें शिवा राजकुमार को सफेद कुर्ता-पायजामा और लाल शॉल में दिखाया गया है। उनके साथ उनकी साइकिल पर सीपीआई (एमएल) का झंडा लहरा रहा है- एक ऐसा नजारा जो उनके राजनीतिक जीवन का प्रतीक बन गया था।

### सामाजिक बदलाव की कहानी

फिल्म के पहले लुक वीडियो में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी की मूर्तियों के साथ भारतीय संविधान की झलक दिखाई गई है। ये दृश्य फिल्म के मूल विचार को परिभाषित करते हैं- जनता के अधिकारों की लड़ाई और समानता का संघर्ष। निर्देशक के अनुसार, फिल्म सिर्फ एक राजनीतिक जीवन की कहानी नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, संविधान और समाज के बीच के उस रिश्ते को भी उजागर करती है जो समय के साथ धुंधला पड़ गया है।

### सिनेमा से परे एक आंदोलन की शुरुआत

गुम्मादि नरसैया का किरदार निभाना शिवा राजकुमार के लिए महज एक अभिनय नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। वह खुद इस परियोजना को लोगों के संघर्ष की गाथा बता चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म के ऐलान वीडियो में खुद गुम्मादि नरसैया के इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह भी फिल्म के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### शिवा राजकुमार की व्यस्त फिल्मी पारी

शिवा राजकुमार इन दिनों साउथ सिनेमा के सबसे व्यस्त सितारों में गिने जाते हैं। वह जल्द ही '45' में उपेंद्र और राज बी शेट्टी के साथ नज़र आने वाले हैं। इसके अलावा 'डैड' और '666 ऑपरेशन ड्रीम थिएटर' जैसी फिल्मों पर भी काम कर रहे हैं। साथ ही वह रजनीकांत की 'जेलर 2' और राम चरण की 'पेड्डी' में कैमियो करते हुए भी दिखेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in